# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 3 दिसंबर 2024





*अगले साल होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने बड़ा दांव खेला है। सोमवार को देश के प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा आप में शामिल हुए। खुद अरविंद केजरीवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। अवध ओझा ने आप जॉइन करके कहा कि वे अरविंद केजरीवाल के शिक्षा मॉडल से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। कहा जा रहा है कि ओझा दिल्ली में मनीष सिसोदिया की सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।*

# अवध ओझा की आप में एंट्री, सिसोदिया वाली सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा

## दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अवध ओझा ने आप पार्टी को किया ज्वॉइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अवध ओझा के आप में आने से पार्टी को फायदा मिल सकता है। आम आदमी पार्टी का सबसे प्रमुख एजेंडा शिक्षा मॉडल है। पार्टी जिस भी राज्य में प्रचार करती है वहां दिल्ली के शिक्षा मॉडल का जिक्र करती है। ऐसे में अवध ओझा के पार्टी में आने से पार्टी को फायदा हो सकता है। अवध ओझा को लाखों युवा छात्र फॉलो करते हैं। वो कई सालों से दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी करा रहे हैं। ये भी चर्चा है कि अवध ओझा मनीष सिसोदिया की सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

### कौन हैं अवध ओझा?

अवध ओझा देश के मशहूर शिक्षक और मोटिवेशनल स्पीकर हैं। उन्हें 'ओझा सर' के नाम से भी जाना जाता है। उनका पूरा नाम अवध प्रताप ओझा है। वह यूपीएससी की तैयारी करने वाले छात्रों को इतिहास पढ़ाने और मार्गदर्शन देने के लिए जाने जाते हैं। उनका एक कोचिंग संस्थान भी है और वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी बेहद लोकप्रिय हैं। अवध ओझा यूपी के गोंडा जिले से हैं और फिलहाल दिल्ली में रहते हैं।



### राजनीति में आकर शिक्षा के लिए करेंगे काम

आप में शामिल होने के बाद अवध ओझा ने कहा कि उन्होंने मुझे राजनीति में आकर शिक्षा के लिए काम करने का अवसर दिया है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो परिवार, समाज, राष्ट्र की आत्मा है। जितने भी देश दुनिया में महान हुए, उनकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं शिक्षा का योगदान रहा है। अब तो मैं पार्टी का हिस्सा हूं। जैसा मनीष सिसोदिया ने कहा कि अगर मुझे राजनीति और शिक्षा में से किसी को चुनना पड़े तो मैं निश्चित तौर पर शिक्षा को चुनूंगा। यही मेरा भी उद्देश्य है। राजनीति में आकर शिक्षा का विकास मेरा सर्वोत्तम उद्देश्य है।

### केजरीवाल बोले- शिक्षा नीति को मिलेगी नई दिशा

अरविंद केजरीवाल ने भी अवध ओझा के आप पार्टी में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'देश के जाने-माने शिक्षक अवध ओझा आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उनके अनुभव और दृष्टिकोण से हमारी शिक्षा नीति को नई दिशा मिलेगी। शिक्षा को लेकर हमारी नीतियों और काम से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी के साथ कदम मिलाया है। हम उनका अपने परिवार में हार्दिक स्वागत करते हैं। बाबा साहब के सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे।'

## खबर संक्षेप

### अर्थव्यवस्था का बुरा हाल 'न्यू डील' की जरूरत



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था का बुरा हाल है और जनता बेहाल है। उन्होंने कहा कि अब नयी सोच तथा कारोबार के लिए 'न्यू डील' की जरूरत है। वर्ष 1933 से 1938 के बीच आर्थिक महामंदी से उबरने के लिए अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने ''न्यू डील'' नामक कार्य-योजना की घोषणा की थी जिसके अंतर्गत कई सामाजिक उदारवादी नीतियों को अमल में लाया गया।

### दिल्ली दंगा : टाइटलर के खिलाफ नौ को सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में गवाह के रूप में दो पूर्व पुलिस अधिकारियों के बयान दर्ज करने के लिए नौ दिसंबर की तारीख तय की। सीबीआई के मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी मिलने के बाद सुनवाई टाल दी कि गवाह सोमवार को गवाही देने की स्थिति में नहीं हैं।

### 36 करोड़ की प्रतिबंधित गोलियां जब्त, एक गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के सिलचर में सोमवार को 36 करोड़ रुपये मूल्य की 'याबा' गोलियां जब्त की गईं। मादक पदार्थ की जब्ती के इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने आज सिलचर में एक विशेष अभियान चलाया और दो वाहनों को रोककर तलाशी ली एवं एक व्यक्ति को पकड़ा।''

## महाराष्ट्र में सीएम के नाम पर नहीं सुलझा पेंच, बना हुआ है असमंजस

# महाराष्ट्र में सीएम का नाम कल की बैठक में होगा तय, पर्यवेक्षक नियुक्त, अजित पहुंचे दिल्ली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र चुनाव परिणाम आने के 10 दिन बाद भी नई सरकार का गठन नहीं हो सका है। महायुती गठबंधन नए मुख्यमंत्री पर फैसला नहीं कर पाया है। भाजपा ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। भाजपा पदाधिकारी ने बताया कि रूपाणी और सीतारमण 4 दिसंबर को मुंबई में भाजपा के निर्वाचित विधायकों से मिलेंगे। इसके बाद बैठक में सभी विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक के बाद चुने गए नेता का नाम दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं को भेजा जाएगा। इसके बाद ही पर्यवेक्षक भाजपा के विधायक दल के नेता की घोषणा करेंगे। अगले दिन पांच दिसंबर को यही नेता मुख्यमंत्री पद की शपथ लेगा। उधर, एनसीपी नेता अजित पवार मुंबई से नई दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। यहां उनकी भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात होगी।

### खास बातें

- चार दिसंबर को होगी भाजपा विधायक दल की बैठक
- पर्यवेक्षकों के सामने अपना नेता चुनेंगे भाजपा विधायक
- आजाद मैदान में होगा नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण


निर्मला सीतारमण


विजय रूपाणी


देवेंद्र फडणवीस


एकनाथ शिंदे

### फडणवीस ने शिंदे को किया फोन

*उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को फोन कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बता दें कि शनिवार को शिंदे की अपने गृहनगर सतारा में तबीयत बिगड़ गई थी। उसके बाद वह आज सुबह ही मुंबई लौटे हैं। हालांकि, डॉक्टरों के उन्हें आराम करने की सलाह देने के बाद उन्होंने अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। सभी को उम्मीद थी कि शिंदे के सतारा से लौटने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी, लेकिन अब उनकी तबीयत बिगड़ गई।*

### भाजपा करेगी मुख्यमंत्री पर फैसला

शिंदे ने रविवार को ठाणे लौटने पर कहा था कि महाराष्ट्र चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी भाजपा नए मुख्यमंत्री पर फैसला करेगी। उन्होंने सरकार गठन को लेकर गठबंधन में किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया था। इस बीच, रविवार देर रात भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया था कि फडणवीस ही राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे और पार्टी की बैठक में इसकी घोषणा की जाएगी।

### देवेंद्र फडणवीस का नाम तय!

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पहले ही घोषणा कर चुकी है कि नए मुख्यमंत्री 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं की मौजूदगी में मुंबई के आजाद मैदान में शपथ लेंगे। पार्टी ने अभी तक सीएम के नाम की औपचारिक घोषणा नहीं की है। मगर रविवार को भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है।

### शिवसेना और एनसीपी को डिप्टी सीएम पद देने पर चर्चा

भाजपा ने अपने दोनों सहयोगी दलों शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को डिप्टी सीएम का पद देने पर चर्चा की है। उधर, महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कह चुके हैं कि भाजपा के सीएम बनने पर कोई अड़ंगा नहीं लगाएंगे। विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है।

### मंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं: श्रीकांत

श्रीकांत शिंदे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भी मुझे केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका मिला था लेकिन मैंने पार्टी संगठन के लिए काम करने के बारे में सोचकर मंत्री पद से इनकार कर दिया था। मुझे सत्ता में किसी पद की लालसा नहीं है। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देता हूं कि मैं राज्य में किसी भी मंत्री पद की दौड़ में नहीं हूं।

# अदाणी मुद्दे को लेकर इंडिया गठबंधन में दरार, टीएमसी ने बैठक से बनाई दूरी

**संसद में गतिरोध जारी**

- अडाणी मुद्दे को लेकर संसद में विपक्ष बंटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में उद्योगपति गौतम अदाणी के रिश्वतखोरी मामले को लेकर विपक्ष बंटा हुआ नजर आ रहा है। दरअसल, इस मुद्दे को लेकर सोमवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक थी, लेकिन इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भाग नहीं लिया। कांग्रेस चाहती है कि अदाणी समूह के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोग पर सदन पर चर्चा हो और ऐसा न होने पर कार्यवाही स्थगित हो रही है, जबकि टीएमसी इसके खिलाफ है।

**लोकसभा और राज्यसभा स्थगित :** सोमवार राज्यसभा और लोकसभा को 3 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले सोमवार को सदन दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित हुआ था। सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को लोकसभा को संबोधित कर चीन और भारत के संबंधों के बारे में जानकारी देनी थी। संभावना थी कि जयशंकर बांग्लादेश मुद्दे पर भी बोल सकते थे।

### टीएमसी ने बंगाल के मुद्दों को प्राथमिकता दी

टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी का कहना है कि पार्टी इस सत्र में बंगाल से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें केंद्र से बकाया राशि रोके जाने का मामला भी शामिल है। वरिष्ठ टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि पार्टी चाहती है कि संसद एक मुद्दे पर बिना किसी व्यवधान के चले। इस दौरान टीएमसी सत्र के दौरान मणिपुर में अशांति का मुद्दा भी उठाना चाहती है। बैठक मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यालय में हो रही थी।

*सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल से कहा-*

# जमानत मिलते ही मंत्री बन गए: अब अदालत देखेगी गवाह दबाव में तो नहीं

*सेंथिल बालाजी कैश-फॉर-जॉब स्कैम में आरोपी हैं*

एजेंसी ▶▶| मुंबई



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार में मंत्री सेंथिल बालाजी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- ये जानकर हैरानी हुई कि सेंथिल बालाजी को कैश-फॉर-जॉब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत मिलने के तुरंत बाद तमिलनाडु सरकार में मंत्री बना दिया गया। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा- हम जमानत देते हैं और अगले दिन आप जाकर मंत्री बन जाते हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि सीनियर कैबिनेट मिनिस्टर के तौर पर आपके पद के कारण गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है?

### 26 सितंबर को जमानत मिली थी, 28 को मंत्री बने

साल 2011-16 के दौरान एआईएडीएमके शासन में बालाजी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर थे। सेंथिल का नाम नौकरी के बदले नकदी रिश्वत लेने के घोटाले में सामने आया था। इसके बाद वे दिसंबर 2018 में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम में शामिल हुए थे। मई 2021 में डीएमके तमिलनाडु की सत्ता में आई। सेंथिल को ऊर्जा मंत्री बनाया गया था।

### इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने 26 सितंबर को सेंथिल बालाजी को जमानत दी थी। याचिका में कोर्ट से फैसला वापस लेने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सेंथिल के मंत्री बनने से गवाह दबाव में होंगे। बेंच ने फैसला वापस लेने से इनकार किया, लेकिन कहा कि वो जांच के दायरे को इस तक सीमित रखेगी कि क्या गवाह दबाव में हैं। बेंच ने बालाजी के वकील से इस संबंध में निर्देश पाने का कहा है। मामले में अगली सुनवाई 13 दिसंबर के बाद होगी।

# लोकसभा में 13-14 को संविधान पर होगी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद में केंद्र और विपक्ष के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत लोकसभा और राज्यसभा दोनों में संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्षों के उपलक्ष्य में बहस आयोजित की जाएगी। यह बहस लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को और राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को होगी। इस बहस में संविधान की ऐतिहासिक अहमियत और इसके प्रभाव पर गहरी चर्चा की जाएगी। यह महत्वपूर्ण सहमति उस समय हुई, जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने संविधान पर बहस करने की तारीख तय की। संसद में लंबे समय से चल रहे गतिरोध को समाप्त करते हुए यह निर्णय लिया गया।

### विपक्ष और सरकार के बीच सहयोग



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से अनुरोध करते हुए कहा कि संसद की कार्यवाही में कोई बाधा न डाली जाए और सभी दल संसद की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग लें। उनका यह बयान संसद में सकारात्मक माहौल बनाने की ओर एक कदम है, ताकि संसद के सभी काम ठीक से चल सकें।

### मंत्रियों और विपक्षी नेताओं का समर्थन

इस बीच, संसद में बहस के लिए तारीख तय होने पर केंद्रीय मंत्री और विपक्षी नेताओं ने इस समझौते को महत्वपूर्ण बताया है। विपक्ष ने इस अवसर का इस्तेमाल संविधान के महत्व को स्पष्ट करने के लिए करने की योजना बनाई है। इस तरह से संविधान पर होने वाली बहस को लेकर संसद में एक महत्वपूर्ण माहौल तैयार हो रहा है, जिसमें सभी दल अपने मुद्दों को उठाकर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करेंगे।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

**उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से जांच कराने की मांग**

# गुजरात भाजपा का नेता 6000 करोड़ रुपए लेकर हुआ फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष तथा पार्टी के राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी का एक नेता भूपेंद्र जाला दो साल में धन दोगुना करने का लालच देकर निवेशकों का छह हजार करोड़ रुपए लेकर फरार हो गया है, इसलिए इस मामले की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश से जांच कराई जानी चाहिए। गोहिल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का पट्टा लगाए उसके एक नेता ने दो साल में पैसा दोगुना करने की योजना चलाई जिसमें किसानों, मजदूरों, अध्यापकों, सेवानिवृत्त लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में आम जनता ने निवेश किया लेकिन निवेशक जनता के छह हजार करोड़ लेकर भाजपा का यह नेता रातोंरात कंपनी को बंद कर लोगों के छह हजार करोड़ रुपए लेकर फरार हो गया। श्री गोहिल ने भाजपा के इस नेता का नाम भूपेंद्र जाला बताया और कहा कि उसके भाजपा के प्रमुख नेताओं से संपर्क हैं।

### कई भाजपा के नेताओं के साथ फोटो

कांग्रेस नेता ने कहा कि संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने समारोह में कई भाजपा के नेताओं के उसके साथ चित्र दिखाए और उसके द्वारा आयोजित एक समारोह का आमंत्रण पत्र भी दिखाया जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य तथा राज्य सरकार के कई मंत्रियों को समारोह में बुलाया गया और उनके नाम आमंत्रण पत्र में शामिल हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- नक्सल प्रभावित छोटेडोंगर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का मामला
- विद्यालय के प्राचार्य पर एफआईआर दर्ज करने की उठी मांग






शौचालय में लगाया गया बिस्तर

## 8 से 12 छात्र एक रूम में रहते हैं

विद्यार्थियों का कहना है कि यहां पर पानी की बहुत समस्या है। कभी-कभी तो बिना नहाए स्कूल जाना पड़ता है जिससे लेट भी हो जाता हैं। कई लोग बाथरूम में सोते हैं। कमरे की व्यवस्था नहीं होने से 8 से 12 लोग रूम में सोते हैं बाकी के लोग बाथरूम में जाते हैं। यहां पर कंबल वगैरा की सुविधा नहीं हैं। एक ही बार कंबल आया था यहां पर कंबल नहीं है। कई लोग अपने घर से कंबल लाकर अपना काम चला रहे हैं। अभी तो ठंड का सीजन भी है समस्या तो बताते हैं पर हल नहीं होता हैं।

*- हॉस्टल के छात्र*

# एकलव्य का अजूबा हॉस्टल

## 50 सीट, रह रहे 180 शौचालय में बेड

## जहां नहाती हैं लड़कियां, वहां टांग दिया कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

अलग खबर

जिले के छोटेडोंगर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हास्टल का शौचालय बेडरूम में तब्दील हो गया है। तंग कमरे में रहने वाले आदिवासी बच्चे शौचालय की सीट को ढककर वहां बिस्तर लगाकर अपने सपने को पूरा करने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। वही बालिकाओं की नहाने की जगह के पास हॉस्टल के प्राचार्य द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर के द्वारा थाना प्रभारी को पत्र लिखकर एफआईआर की मांग की गई है। सर्व ⏭शेष पेज 2 पर

### एसी को जांच के लिए भेजा गया

हॉस्टल में नहाने की जगह में सीसी टीवी कैमरा लगाने और बाथरुम में सोने की जानकारी मिली हैं। जिस पर कलेक्टर बिपिन मांझी के निर्देश पर सहायक आयुक्त को जांच के लिए छोटेडोंगर भेजा गया हैं। टीम की वापसी के बाद जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- **वीरेंद्र बहादुर पांचभाई**, एडीएम, कोंडागांव

## पहली पोस्टिंग के लिए जा रहे आईपीएस की मौत



**हासन।** कर्नाटक के हासन जिले में अपनी पहली तैनाती को लेकर कार्यभार संभालने जा रहे आईपीएस अफसर की दुर्घटना में मौत हो गई। कर्नाटक कैडर के 2023 बैच के आईपीएस अधिकारी हर्षवर्धन (26) मध्यप्रदेश के रहने वाले थे। हासन तालुक के किट्टाने के निकट पुलिस वाहन का टायर फट गया, जिसके बाद चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे एक मकान और पेड़ से टकरा गया। पुलिस के अनुसार, वर्धन होलेनरसीपुर में परिवीक्षाधीन सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में ड्यूटी पर रिपोर्ट करने के लिए हासन जा रहे थे।

# साय सरकार का बड़ा फैसला, जनता सीधे चुनेगी निगम महापौर और पालिका अध्यक्ष

*छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल का एक बड़ा फैसले बदलाव का निर्णय लिया है। नगर निगम महापौर और नगर पालिका के अध्यक्षों का अब प्रत्यक्ष चुनाव होगा। कांग्रेस सरकार आने के बाद राज्य में मेयर और नगर पालिका के अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष तरीके से हो रहा था। साय सरकार की कैबिनेट ने अब इन चुनावों को प्रत्यक्ष तरीके से कराने का निर्णय लिया है। कैबिनट की बैठक में विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने के संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है।*

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर साय सरकार का फैसला**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के नगर पालिक निगमों के महापौर एवं नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से कराए जाने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश, 2024 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 प्रत्यक्ष निर्वाचन एवं आरक्षण संबंधित प्रावधान की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने के अध्यादेश के प्रारूप का अनुमोदन किया।

उल्लेखनीय है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में 1999 के पूर्व नगर पालिक निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष रीति से होता था। ⏭शेष पेज 2 पर

### राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा

कैबिनेट की बैठक में राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया गया। ⏭शेष पेज 2 पर

### पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा पर मुहर

छत्तीसगढ़ शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्संख्यक विभाग द्वारा मंत्रालय द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के ⏭शेष पेज 2 पर

### सर्वोच्च न्यायालय ने दिया था निर्देश

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि नगरीय निकाय और पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रिपल टेस्ट करने का दिशा-निर्देश जारी किया था। उसके आधार पर राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया। आयोग की अपनी रिपोर्ट दी और जो आंकड़े आए हैं, उसके आधार पर नगरीय निकाय और पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने संबंधी विभिन्न धाराओं में जो संशोधन करना है। उसके प्रारूप का कैबिनेट में अनुमोदन किया गया।

### हरिभूमि की खबर पर मुहर


प्रदेश सरकार कैबिनेट में प्रस्ताव रखकर देगी मंजूरी
जनता चुनेगी मेयर और अध्यक्ष भाजपा कोर ग्रुप में बनी सहमति
प्रदेश सरकार पर चर्चा
भाजपा में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने पर सहमति

### ई-आक्शन से चना की खरीदी करेगा नान

कैबिनेट द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए चना उपार्जन, एनइएमएल ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य के ⏭शेष पेज 2 पर

## पीएससी टॉपर्स से मिले सीएम, कहा- पारदर्शिता से करें दायित्वों का निर्वहन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोक सेवा आयोग की सिविल परीक्षा-2023 की प्रावीण्य सूची में आए सफल अभ्यर्थियों से मुलाकात की। श्री साय ने कहा कि आप लोगों ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की कठिन परीक्षा में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। निश्चित रूप से आप लोग युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन चुके हैं। जितनी पारदर्शिता के साथ आपका चयन हुआ है, आप उतनी ही पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह करें। ⏭शेष पेज 2 पर




### निवेशक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले साल फरवरी में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले 'असम निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने प्रधानमंत्री को झुमर नृत्य के प्रदर्शन के लिए भी निमंत्रण दिया।

### ट्रक से 211 किलो चूरापोस्त बरामद



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले में 200 किलो से अधिक चूरापोस्त की कथित रूप से तस्करी करने को लेकर सोमवार को एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया। नियमित तलाशी के दौरान एक पुलिस दल ने जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर जखानी में एक ट्रक को रोका एवं उसकी तलाशी ली।

### सिंधू 22 को शादी के बंधन बंधेंगी



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी करेंगी, जो पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं।



## चिंतन

# संसद में गतिरोध टूटने से अब हो सकेगा कामकाज

संसद में गतिरोध का टूटना अच्छी खबर है। आज मंगलवार से दोनों सदनों में सुचारू रूप से कामकाज होगा। सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति बन गई है। 25 नवंबर को शीतकालीन सत्र शुरू होने के समय से गतिरोध जारी था। विपक्ष अडाणी मुद्दे, संभव मणिपुर हिंसा, संविधान पर चर्चा आदि को लेकर हंगामा कर रहा था। सोमवार को भी दिन भर दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा चलता रहा। संविधान पर चर्चा को लेकर सरकार के तैयार होने के बाद ही विपक्ष ने गतिरोध खत्म कर दिया। अब मंगलवार से लोकसभा तथा राज्यसभा की कार्यवाही नियमित चलने की संभावना प्रबल हो गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को विभिन्न दलों के सदन के नेताओं के साथ बैठक की, जहां गतिरोध खत्म करने में सफलता मिली। विपक्ष की मांग को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐलान किया कि लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा होगी तथा राज्यसभा में यह चर्चा 16 और 17 दिसंबर को होगी। इससे पहले ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ लगातार विपक्षी सांसदों से अपील कर रहे थे कि सरकार नियम के दायरे में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष अपनी जिद पर अड़ा था और प्रधानमंत्री के बयान की मांग कर रहा था। सरकार इस शीत सत्र में एक दर्जन से अधिक विधेयक पास कराने की तैयारी में हे, लेकिन विपक्ष के शोरगुल व हंगामे के चलते संसद चल ही नहीं पा रही थी। वक्फ बिल के मसौदे के प्रारूप तय करने के लिए बनी जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) की बैठकों के विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार बहिष्कार किए जाने के चलते इसकी समय सीमा बजट सत्र तक बढ़ानी पड़ी। सरकार की कोशिश रहती है कि संसद चले, पर विपक्ष के राजनीतिक व्यवधान के चलते अवरोध पैदा होता है। संसद के नहीं चलने के चलते सरकारी राजस्व का नुकसान भी होता है और विधायी कामकाज नहीं हो पाता है। देश में करीब दो इशक से परिपाटी सी बन गई है कि विपक्ष अपनी आक्रामकता से संसद को नहीं चलने देता है, सत्र दर सत्र में अवरोध कायम रहता है, इससे संसद की उत्पादकता में कमी आई है। हालांकि कुछेक सत्र अपवाद भी रहे। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि शीत सत्र के बाकी बचे समय में अधिक से अधिक कामकाज हो सकेगा। विपक्षी दलों ने संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 26 नवंबर को लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संविधान पर दो दिवसीय विशेष चर्चा का अनुरोध किया था। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी उस दिन सभापति को ऐसा ही पत्र लिखा था। छह दिन बाद इस अनुरोध को मोदी सरकार ने स्वीकार किया है और कांग्रेस तथा 'इंडिया' गठबंधन की अन्य पार्टियों के अनुरोध के अनुसार चर्चा की तारीखों की घोषणा की गई है। दरअसल, भाजपा पर संविधान बदलने के आरोप विपक्षी दल लगाते रहे हैं, जबकि भाजपा संविधान के दायरे में ही सरकार चला रही है। सरकार अपने स्तर पर भी संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ को मनाने की तैयारी कर रही है। पिछले सप्ताह 25 नवंबर सोमवार से शुरु हुए संसद के शीतकालीन सत्र में अभी तक कोई खास विधायी कामकाज नहीं हो सका है और पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया। संसद में गतिरोध टूटना स्वागतयोग्य है। सरकार को लचीला रुख अपनाना चाहिए।



**विश्लेषण**
अभिषेक सूर्येश

# पंच परिवर्तन से राष्ट्र का जागरण

अनेक वर्षों के राष्ट्रीय प्रयासों के बाद भारत में आज यह वातावरण बना है कि हमें अपने राष्ट्र को विश्व में श्रेष्ठ बनाना है। परन्तु कोई राष्ट्र विश्व में कैसा और किस भूमिका में होगा, ये वहां के समाज पर निर्भर करता है कि उसका व्यवहार कैसा है। इस हेतु भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन देशभक्ति व विजिगीषु की भावना का विस्तार करने के लिए संघ ने समाज से पांच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, स्वत्व के भाव का जागरण, पर्यावरण व नागरिक कर्तव्य) का आह्वान किया है, जो सामाजिक व संवैधानिक दायित्वों के उद्देश्य की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए अपने स्थापना वर्ष 1925 से अनवरत कार्य करते हुए अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अपने शैशव काल से ही संघर्ष करता हुआ संघ विपरीत परिस्थितियों में और भी निखरता चला गया। व्यक्ति निर्माण की इस अभिनव कार्य पद्धति ने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व कर सकने वाले हजारों कार्यकर्ता निर्माण किये जो सामाजिक चेतना जागृत करते हुए स्वाभिमानी, संस्कार युक्त तथा शक्ति संपन्न सामाजिक रचना के लिए चलायमान संगठनों का नेतृत्व करते हैं। इस प्रकार अनथक और अनवरत रूप से राष्ट्र की आराधना करते हुए संघ विशाल वट वृक्ष की भांति विश्व के कई देशों में हिंदू समाज के संगठन हेतु प्रयत्नशील है। अनेक वर्षों के राष्ट्रीय प्रयासों के बाद भारत में आज यह वातावरण बना है कि हमें अपने राष्ट्र को विश्व में श्रेष्ठ बनाना है। परन्तु कोई राष्ट्र विश्व में कैसा और किस भूमिका में होगा, ये वहां के समाज पर निर्भर करता है कि उसका व्यवहार कैसा है। इस हेतु भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन देशभक्ति व विजिगीषु की भावना का विस्तार करने के लिए संघ ने समाज से पांच परिवर्तन का आह्वान किया है, जो सामाजिक एवं संवैधानिक दायित्वों के उद्देश्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

प्रथम सामाजिक समरसता; जिसका पर्याय है अपनी जाति वर्ग और संप्रदाय से भिन्न लोगों के प्रति सहज सम्मानजनक और भेदभाव रहित जातिगत ऊंच-नीच जैसे सभी भेदों को भुलाकर एकात्मता का भाव जागृत कर एकात्म समरस हिंदू समाज का निर्माण करना समाहित है। सामाजिक समरसता हिंदू राष्ट्र के उत्थान के लिए एक आवश्यक शर्त है, जिसके लिए अनेकानेक प्रयास हमारे पूर्वजों तथा ऋषि परंपरा ने किए हैं। 1966 में कर्नाटक के उडुपी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए चारों पीठों के शंकराचार्यों ने एक स्वर में घोषणा की 'हिंदवः सहोदरः सर्वे, ना हिंदू पतितो भवेत।' अर्थात सभी हिंदू भिन्न-भिन्न गर्भ से जाये भाई हैं और कोई हिंदू पतित अथवा दलित नहीं है। जातिगत भेद कभी सनातन परंपरा में नहीं रहे। गत सहस्त्र वर्षों में जब हमारा राष्ट्र विदेशियों के आक्रमण का शिकार बना तब एक भी उदाहरण ऐसा नहीं मिलता जिससे यह सिद्ध हो सके कि हमारे राष्ट्र की जिस फूट ने विदेशी आक्रांताओं को सहायता प्रदान की उसके मूल में यह जाति भेद थे।

अस्पृश्यता; रोग की जड़ जनसामान्य के इस विश्वास में निहित है कि यह धर्म का अंग है। और इसका उल्लंघन महापाप होगा, यह विकृत धारणा ही शताब्दियों से अनेक समाज सुधारकों एवं धर्मधुरंधरों के समर्पित प्रयासों के बाद भी जनसामान्य के मन में आज भी घर किए बैठी है। विभाजनकारी शक्तियों के षड्यंत्र को समझकर जातिवाद के नैरेटिव के जाल में ना फंसते हुए हम अपने पड़ोस, सहकर्मी तथा समाज के पिछड़ों को साथ लेकर संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम, के विचार को आत्मसात कर आगे बढ़ें।

पर्यावरण ; हमारी संस्कृति में प्रकृति पूजन को प्रकृति के संरक्षण के तौर पर मान्यता है। भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि, वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय सम्बन्ध जोड़े गए हैं। पेड़




की तुलना संतान से की गई है। नदी को माता स्वरूप माना गया है। ग्रह-नक्षत्र, पहाड़ और वायु देव स्वरूप माने गए हैं। हमारे ऋषियों ने कहा है माता भूमि पुत्रो अहं पृथिव्यां, यानी पृथ्वी हमारी माता है और हम सभी इसके पुत्र हैं। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति इस प्रकार की कृतज्ञ भावना का विस्तार प्रत्येक जनमानस के हृदय में होना ही पर्यावरण संरक्षण की गारंटी है। प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपना घर हरित घर, जैविक खेती, जैव सुरक्षा, और पशुपालन की प्रतिबद्धता ही मनुष्य जाति को भी इनके गंभीर परिणामों से बचा सकती है।

कुटुंब प्रबोधन; समृद्ध भारत की सबसे छोटी इकाई है परिवार, जो सांस्कृतिक विरासत के कारण पाश्चात्य देशों में हमेशा से शोध का विषय रही है। व्यक्ति के संस्कार सभ्य समाज के निर्माण की कसौटी है। जिसे हम सांस्कृतिक राष्ट्र की रीढ़ की हड्डी कहें तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, और इसके लिए हमारे संस्कारों की पहली पाठशाला हमारा परिवार है। जो पारिवारिक रिश्तों की समझ तथा करणीय-अकरणीय का बोध कराकर व्यक्ति को सामाजिक दायित्वों हेतु प्रेरित करती है। इससे ज्ञात होता है कि कौटुम्बिक व्यवस्था व्यक्ति एवं समाज के मध्य एक सेतु का कार्य करती है।

स्व का बोध; भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कविता की कुछ पंक्तियों को यहाँ उद्धृत करना उचित होगा कि पंद्रह अगस्त का दिन कहता आजादी अभी अधूरी है, सपने सच होने बाकि है रावी की शपथ न पूरी है। यह पंक्तियाँ हमें बार-बार स्व का बोध करने हेतु प्रेरित करती है और यह स्मरण कराती है कि स्वाधीनता से स्व-तंत्र की यात्रा अभी अधूरी है। स्व अर्थात स्वयं का तंत्र लागू करना, इसके कुछ प्रयास नवीन संसद भवन का निर्माण, दंड सहिंता का न्याय संहिता के रूप में संसोधन एवं राम लला की पुनः भव्य प्राण प्रतिष्ठा भारतीय स्वत्व के जागरण के प्रमुख बिंदु हैं। प्रत्येक राष्ट्र का अपना स्वभाव होता है। जैसे अमेरिका का स्वभाव व्यापार है, जर्मनी का स्वभाव सामरिकता है, इस प्रकार भारत का स्वभाव धर्म है और हम उद्घोष करते हैं यतो धर्मस्य ततो जयः, यह भारतीयता है। सर्वे भवंतु सुखिनः यह भारत का विचार है, इसकी स्थापना और अध्यात्म का संदेश ही भारत का दर्शन है जो समस्त विश्व के लिए मंगलकारी है। स्व का विस्मरण आत्मविश्वास का विस्मरण है। और स्वदेशी का स्मरण अर्थात विश्वास का प्रगटीकरण है। यह स्व के भाव का जागरण ही था जिसने अंग्रेजों को भारत से खदेड़ने के लिए जन-जन को प्रेरित किया। अतः हम अपने विचार, संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, खानपान पर गर्वित होते हुए उन्हें व्यवहार में लाएं, संगीत कला, योग व लघु उद्योगों का संवर्धन हमारा विचार बने। स्वत्व के भाव का जागरण जब प्रत्येक भारतीय के हृदय में होगा तब ही भारत का भाग्योदय संभव है।

नागरिक कर्तव्य; ऋग्वेद का कथन है वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहितः अर्थात हम जागृत रहते हुए राष्ट्र के हित में कार्य करें। राम-कृष्ण, हनुमान, गीता, बुद्ध, महावीर सम्राट विक्रमादित्य, अशोक, शिवाजी, गुरुगोविंद और नेताजी सुभाष इत्यादि भारतीय लोकजीवन के पथ प्रदर्शक हैं संविधान की मूल रचना में इन्हें जोड़ने के पीछे यही सोच थी कि भारत की विकास यात्रा इन्हीं के प्रेरणास्पद जीवन प्रसंगों व मूल्यों के आलोक में निर्धारित की जानी चाहिए। अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहते हुए हमें अपने कर्तव्यों का भान होना एक अनुशासित नागरिक के लक्षण है। संवैधानिक नियमों का पालन, राष्ट्रीय मान बिंदुओं पर आघात का प्रतिकार करना, देव-देवालय तथा संस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है। ये सारे चिंतन और अभ्यास के विषय हैं, यह भारतीय स्वाभिमान की जागरण का समय है।

(लेखक संस्कृतिविज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# ऐसे ही देशवासियों के 'राजेन्द्र बाबू' नहीं बने


स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के इस सर्वोच्च पद पर रहते हुए अपना एक दशक से ज्यादा का जीवन राष्ट्रपति भवन में गुजारा। लेकिन इतना भर कहने से उनके व्यक्तित्व का परिचय पूरा नहीं होता। भले ही आज की तारीख में 'पहले राष्ट्रपति' के इस टैग को उन पर कुछ इस तरह चस्पां कर दिया गया है कि कई बार वह सादगी व उच्च विचार के पर्याय रहे, उनके जीवन के दूसरे प्रेरणास्पद व आदरास्पद पहलुओं को तिरोहित करने का बहाना लगने लगता है। सच्चाई यह है कि राष्ट्रपति भवन में रहते हुए भी वे इन पहलुओं के प्रति बहुत सचेत रहते थे। इतने सचेत कि सत्ता के चाक्चिक्य को अपने पास फटकने नहीं देते थे। एक विश्लेषक के शब्द उधार लेकर कहें तो उनका अनासक्ति का भाव वहां भगवान राम के भाई भरत की याद दिलाता था, जिनके बारे में गोस्वामी तुलसीदास अपने 'रामचरित मानस' में लिख गए हैं : तेहि पुर बसत भरत बिनु रागा, चंचरीक जिमि चम्पक बागा। राष्ट्रपति बनने से पहले उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी, अधिवक्ता, संविधान सभा व कांग्रेस के अध्यक्ष और पहले केन्द्रीय कृषि मंत्री के तौर पर जो महनीय भूमिकाएं निभाईं, अपनी अप्रतिम सादगी से गांधीवादी मूल्यों को अगली पीढ़ियों की प्रेरणा बनाए



रखने के जैसे बहुविध जतन किए और राष्ट्रपति भवन छोड़ने के बाद जैसा निर्लिप्त जीवन जिया, वह भी श्री, समृद्धि व ऐश्वर्य के प्रति उनकी अनासक्ति का ही परिचायक है। विडम्बना यह कि आज की तारीख में उनकी जयंती (जिसे अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है) और पुण्यतिथि पर भी उनकी इन भूमिकाओं की सम्यक चर्चा नहीं की जाती। इसकी चर्चा भी नहीं ही की जाती कि वे इतने प्रतिभाशाली थे कि एक परीक्षा में उनके परीक्षक को मजबूर होकर उनकी उत्तर पुस्तिका पर लिखना पड़ा था कि इग्जामिनी इज बेटर दैन इग्जामिनर। यानी परीक्षार्थी परीक्षक से ज्यादा मेधावी है। युवावस्था में जब वे स्वतंत्रता संघर्ष की ओर अग्रसर होने की सोच रहे थे, उनका परिवार कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रहा था। इस कारण वे धर्मसंकट में फंस गए थे और समझ नहीं पा रहे थे कि परिवार की मुश्किलें आसान करने में लगें या खुद को स्वतंत्रता संघर्ष में झोंके। झोंके तो मुश्किलों से परेशान परिजनों का जानें क्या हाल हो जाये। 1905 में ऐसी ही मुश्किलों के कारण उन्हें इंडियन सोसाइटी से जुड़ने के गोपाल कृष्ण गोखले के आग्रह पर उनसे हाथ जोड़ लेने पड़े थे। बाद में एक दिन उन्होंने अपना यह धर्मसंकट महात्मा गांधी के समक्ष रखा तो उन्होंने छूटते ही उनसे कहा, 'तुम्हारा परिवार देश से अलग तो नहीं है। तुम यह समझकर देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ो कि तुम्हारा परिवार ही नहीं सारा देश मुश्किलों में फंसा है और इस लड़ाई में जो हाल सारे देश का होगा, वही तुम्हारे परिवार का भी हो जायेगा।' यह सुनकर उनका समाधान होते देर नहीं लगी और उस दिन के बाद उन्होंने पीछे पलटकर नहीं देखा। जैसा कि पहले कह आए हैं, उन्होंने न सिर्फ एक से अधिक बार कांग्रेस का अध्यक्ष पद संभाला बल्कि संविधान सभा के भी अध्यक्ष रहे। इस सबका जितना श्रेय उन्हें मिलना चाहिए था, नहीं मिला और संविधान निर्माण के श्रेय में से बड़ा हिस्सा बाबासाहब आम्बेडकर के खाते में चला गया (जो उसकी प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे) तो भी वे नींव की ईंट बनकर खुश रहे। स्वतंत्रता संघर्ष में तो उन्होंने एक से बढकर एक कष्ट सहे ही स्वतंत्रता के बाद 1960 के गणतंत्र दिवस से ऐन पहले उनकी बड़ी बहन का देहांत हो गया तो उनकी अंत्येष्टि में शामिल होने पर गणतंत्र दिवस के जश्न में अपनी भागीदारी को प्राथमिकता दी। राष्ट्रपति बनने के बाद उनके और जवाहरलाल नेहरू के मतभेद कई बार सार्वजनिक हुए। सोमनाथ मन्दिर के उद्घाटन के मामले में भी, हिन्दू कोड बिल के मामले में भी, राजनीति में धर्म की भूमिका और भारतीय मानस को लेकर दृष्टिकोण के मामले में भी। लेकिन उन्होंने इनमें से किसी भी मतभेद को व्यक्तिगत कटुता तक नहीं पहुंचने दिया। जब शीत युद्ध के दौर में 13 जुलाई, 1955 को नेहरू तत्कालीन सोवियत संघ और यूरोपीय देशों की यात्रा से वापस लौटे, तो डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपने पद का प्रोटोकॉल तोड़ते हुए उनको रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। वैश्विक मामलों में भारत की भूमिका बड़ी करने की नेहरू की कोशिशों पर राजेन्द्र बाबू ने अपनी प्रसन्नता जताने के लिए यह तरीका चुना था।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
**प्रेरणा**

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### नड्डा जी को जन्मदिन की बधाई



मैंने पार्टी में नड्डा जी के उल्लेखनीय योगदान को करीब से देखा है। उन्होंने हर संगठनात्मक, विधायी और कार्यकारी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाया है। वह एक स्वस्थ भारत सुनिश्चित करने के प्रयासों में सबसे आगे हैं। उन्हें जन्मदिन की बधाई। **-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### राजनीति में हर व्यक्ति दुखी



राजनीति 'असंतुष्ट आत्माओं का सागर' है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है। कोई व्यक्ति तब खत्म नहीं होता जब तक हार नहीं मान लेता है। **-नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

### मेक इन इंडिया दिखावा



यह दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक मेक इन इंडिया के शुरू होने के दस साल बाद भी भारत का विनिर्माण लगभग स्थिर है और हमारा निर्यात लड़खड़ा रहा है। सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है 'मेक इन इंडिया।' **-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### ट्रंप की धमकी स्पष्ट नहीं




अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी के मायने अभी स्पष्ट नहीं है क्योंकि अभी यह देखना बाकी है कि अमेरिकी कानून इस तरह की कार्रवाई की अनुमति देता है या नहीं।

**-डी सुब्बाराव, पूर्व आरबीआई गवर्नर**

## करंट अफेयर

# कनाडा के मीडिया ने किया ओपनएआई पर मुकदमा




कनाडा के पांच सबसे प्रमुख समाचार मीडिया संस्थानों ने पिछले सप्ताह कॉपीराइट उल्लंघन के लिए 'चैटजीपीटी' की निर्माता कंपनी 'ओपनएआई' के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जिसमें अरबों डॉलर के हर्जाने की मांग की गई। यह मुकदमा इस वर्ष की शुरुआत में चैटजीपीटी के निर्माता के खिलाफ न्यूयॉर्क टाइम्स और अमेरिका की अन्य मीडिया कंपनियों द्वारा दायर किए गए इसी प्रकार के मामलों के बाद सामने आया है। इन सभी मुकदमों के मूल में यह दावा है कि ओपनएआई ने विभिन्न मीडिया वेबसाइट से बड़ी मात्रा में वेब 'स्क्रैपिंग' की है। मुकदमे में बिना अनुमति के सामग्री की नकल करने का आरोप शामिल है। साथ ही कहा गया है कि कंपनी मूल रचनाकारों को मुआवजा दिए बिना इससे लाभ कमा रही है। वेब स्क्रैपिंग का आशय डेटा निष्कर्षण से है, जिसका उपयोग वेबसाइट से डेटा निकालने के लिए किया जाता है। ओपनएआई ने अभी तक कनाडाई मुकदमे का औपचारिक रूप से जवाब नहीं दिया है, लेकिन जोर देकर कहा है कि अपने चैटबॉट को प्रशिक्षित करने के लिए समाचार सामग्री का उपयोग करना कॉपीराइट कानून के तहत 'उचित व्यवहार' है, और यह किसी तरह का उल्लंघन नहीं है।

## ऑफ बीट

# सोशल मीडिया को अपने लिए कैसे उपयोगी बनाएं




हम सभी जानते हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करना आपके लिए बुरा माना जाता है। सोशल मीडिया का अधिक उपयोग अवसाद और एफओएमओ (कुछ छूटने के डर) से जुड़ा है। यहां तक कि इंस्टाग्राम और फेसबुक से संबंधित कंपनी मेटा का आंतरिक शोध डेटा भी इससे सहमत है। हालांकि, पिछले दशक में सोशल मीडिया हमारे दैनिक जीवन के ताने-बाने में रच-बस गया है। इसके बिना जीवन की कल्पना करना कठिन है। युवा विशेष रूप से असुरक्षित हैं। 80 प्रतिशत युवा वयस्क प्रतिदिन सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, और इस पर प्रतिदिन लगभग तीन घंटे बिताते हैं। कई लोगों के लिए सोशल मीडिया 'स्क्रॉल' करना जागने के बाद उनका पहला काम और सोने से पहले का आखिरी काम है। दूसरी ओर, सोशल मीडिया लोगों को दोस्तों और परिवार से जुड़ने में भी मदद कर सकता है। यह कम अहमियत रखने वाले या कलंकित पहचान वाले लोगों के लिए विशेष रूप से सच है, सोशल मीडिया उन्हें समान अन्य लोगों का समुदाय ढूंढने में मदद कर सकता है, जो दूर रह सकते हैं। तो हमें क्या करना चाहिए? क्या हमारे लिए केवल यही समाधान है कि सोशल मीडिया को छोड़ दें? क्या हमारे लिए यह सीखना संभव है कि कैसे सोशल मीडिया का उपयोग चतुराई के साथ करें।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर

मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

अगहन शुक्ल पक्ष तृतीया

वर्ष : 23, अंक : 137

पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**


**मौसम**

अधि. 27.4

न्यून. 19.4


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## अनुदान नहीं, दान के भरोसे मूक बधिर बच्चों का भविष्य 25 साल से सिस्टम ही दिव्यांग

- ढाई दशक पुराना नियम थैरेपी के लिए अनुदान का प्रावधान ही नहीं

*रायपुर। छत्तीसगढ़ में मूकबधिर दिव्यांग बच्चों के लिए जो समाजसेवी संस्थाएं काम कर रहीं है, उन्हें सरकार की ओर से अनुदान नहीं मिल रहा है, ऐसी संस्थाओं को दान के भरोसे संस्था का संचालन करना पड़ रहा है। दूसरी ओर इन बच्चों के भविष्य को बनाने संवारने की जिम्मेदारी जिस समाज कल्याण विभाग के जिम्मे है, वह ढाई दशक पुराने तौर तरीकों से चल रहा है, ये विभाग समय के अनुसार अपडेट नहीं हो पाया है। इसकी कीमत राज्यभर में* शेष पेज 2 पर

### मूकबधिर बच्चों को जरूरत है थेरेपी की

मूक बधिर बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह बनाने के लिए उन्हें थेरेपी की जरूरत होती है, लेकिन यही काम सरकारी तौर तरीकों में सिस्टम और अपग्रेडेशन की कमी की वजह से नहीं हो पा रहा है। थेरेपी में बच्चों को आवाज निकलवाया जाता है, जिससे वे बोलना सीखते हैं, इसी दौरान उन्हें कान में हियरिंग शेष पेज 2 पर

*खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से पूछे बता तेरी रजा क्या है? अल्लामा इकबाल की इन पंक्तियों के सशक्त प्रमाण हैं आशीष सिंह ठाकुर, जिन्होंने दृष्टिबाधित दिव्यांगता को पीछे छोड़ सफलता की गाथा लिखी है। आशीष कहते हैं कि जीवन के घनघोर अंधेरे में भी यदि आत्मशक्ति जाग जाए तो इंसान मुश्किल से मुश्किल बाधा को पार कर सफलता के सोपान पर पहुंच जाता है।*

***बिलासपुर या रायपुर में यूपीएससी की तैयारी के लिए एक बेहतर कोचिंग सेंटर खोलने की इच्छा***

# दृष्टिहीन आशीष ने जगाई आत्मशक्ति और बन गए इंडियन पोस्टल सर्विस के अधिकारी

**विश्व दिव्यांग दिवस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

देश की सर्वाधिक कठिन प्रतियोगी परीक्षा माने जाने वाले संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण होकर भारतीय डाक सेवा (आईपीएस) के अधिकारी बने बिलासपुर के आशीष सिंह ठाकुर फिलहाल कर्नाटक के मैसूर जिले में डाक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे रायपुर में भी पोस्टेड थे। दृष्टि बाधित होने के बावजूद उन्होंने कभी भी हार नहीं मानी और काम सफलतापूर्वक कर रहे हैं। आशीष बिलासपुर या शेष पेज 2 पर



### दस वर्ष की अवस्था में चली गई नेत्र ज्योति

1987 में दस वर्ष की अवस्था में डॉ. आशीष बुखार से पीड़ित हुए और नेत्र ज्योति चली गई। शंकर नेत्रालय चेन्नई, एम्स नई दिल्ली और हैदराबाद में चिकित्सक ने इसे न्यूरो रेटीनोटाईटिस बताया। जीवन में शेष पेज 2 पर

### शुरू से ही टापर रहे

वर्ष 1997 में बारहवीं की परीक्षा जीव विज्ञान विषय से एवं वर्ष 2000 में स्नातक कला की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। इसके बाद गुरु घासी दास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ से वर्ष 2002 में उन्होंने इतिहास विषय से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण कर गोल्ड मैडल प्राप्त किया। अपने विश्वविद्यालय के वे टॉपर बने। फिर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जेआरएफ और एसआरएफ में सफलता प्राप्त की। इतना पढ़ने शेष पेज 2 पर

# मेडिकल कॉलेज में चार दिन में आठ मासूमों की मौत!

## पल्ला झाड़ रहे सीएमएचओ व मेकाज प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मेडिकल कालेज डिमरापाल जहां बस्तर संभाग ही नहीं, पड़ोसी राज्यों से भी मरीजों को उपचार के लिए लाया जाता है। यहां पिछले 4 दिन में 8 मासूमों की मौत हो गई है। इन मौतों से हड़कंप मचा हुआ है, जिससे सही जानकारी देने में आनाकानी की जा रही है। हरिभूमि को मिली जानकारी से इस बात का खुलासा हुआ है कि 8 में से 3 बच्चों की मौत सोमवार को हुई। उपचार के दौरान जिन बच्चों की मौतें हुई है, वे बीजापुर और दंतेवाड़ा के बताए जा रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले के नकुलनार निवासी अनिता पिता कुमा 4 वर्ष, आरूषी पिता लक्ष्मण डेढ़ वर्ष पटेलपारा कुआकोण्डा तथा राउतपारा बीजापुर निवासी मलिका पिता ओमेश अनमोल 2 वर्ष शामिल हैं। इस संबंध शेष पेज 2 पर



- निमोनिया, मलेरिया व जापानी बुखार के पाए गए थे लक्षण

### मामला जटिल होने पर यहां भेजते

पिछले चार दिन में जिन आठ बच्चों की मौत हुई इनमें सभी को दूसरे जिलों व ओडिशा से उपचार के लिए लाया गया था। मामला जटिल होने के बाद रेफर किया जाता है जिससे बच्चों को बचाया नहीं जा सका। वहीं महारानी अस्पताल में वर्तमान में तीन शिशु रोग विशेषज्ञ की पोस्टिंग है। इनमें डॉ. एसएस राज का नारायणपुर ट्रांसफर हो गया है। अगर मेकाज में शिशु रोग विशेषज्ञों की कमी है तो उन्हें मांग करनी चाहिए।

-डॉ. संजय बसाक, सीएमएचओ बस्तर

### महारानी में चार डिमरापाल में दो शिशु रोग विशेषज्ञ

*जानकारी के मुताबिक वर्तमान में डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में दो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अनुरूप साहू व डॉ. डीआर मण्डावी पदस्थ हैं। वहीं महारानी अस्पताल में मरीजों की संख्या कम होने के बावजूद चार डाक्टर की पोस्टिंग है जो महारानी अस्पताल के आपातकाल में पदस्थ है। इनमें डॉ. राज गुप्ता, डॉ. एसएस राज, डॉ. मनीष चौधरी व डॉ. वर्षा चौहान शामिल है।*

### मौत की वजह जापानी बुखार-मलेरिया

*जानकारी के मुताबिक इन बच्चों को 22 से 28 नवम्बर के बीच डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान जिन बच्चों की अब तक मौतें हुई है उनमें जापानी बुखार, मलेरिया व निमोनिया होना बताया गया है। लेकिन एक ही दिन में 3 व चार दिन में 8 बच्चों की मौत का मामला सामने आने के बाद अस्पताल प्रबंधन कुछ कहने से बच रहा है।*

### गंभीर स्थिति में लाए गए थे बच्चे

मेकाज में पदस्थ शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ डीआर मण्डावी ने चर्चा में बताया कि हाल ही में हुई आठ बच्चों की मौत में ओडिशा व दूसरे जिलों से गंभीर स्थिति में रेफर किया गया था। मामला गंभीर होने के बाद रेफर किए जाने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई जिससे बच्चों को बचाया नहीं जा सका। बच्चों की तबीयत बिगड़ने के बाद तत्काल उपचार के लिए लाए जाने से उन्हें बचाया जा सकता था। इस दौरान जिन बच्चों की मौत हुई उनमें जापानी बुखार, निमोनिया व मलेरिया के लक्षण पाए गए थे।

## दोपहर में गुस्सा, शाम को समझौता, दिल्ली बार्डर पर डटे रहे 5000 जवान

# किसानों के दिल्ली कूच पर ब्रेक, दलित प्रेरणास्थल पर डाला डेरा, हटी बैरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

यूपी के किसान दिल्ली कूच एक हफ्ते तक नहीं करेंगे। यह फैसला किसान नेताओं की ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया। इसके बाद नोएडा एक्सप्रेस-वे से बैरिकेडिंग हटा दी गई और आवाजाही शुरू हो गई है। इससे पहले नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में वर्षों से लंबित विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को यहां के किसान दिल्ली कूच करने के लिए सीमा पर डटे रहे। दिल्ली की ओर कूच करने के प्रयास में उनकी पुलिस के साथ झड़प हुई तथा दिल्ली से सटी सीमाओं पर भीषण जाम लग गया था। दिल्ली कूच के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहनों पर आए किसानों ने अपने अपने संगठन के बैनर तले, नोएडा में महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्र होकर नारेबाजी की। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया और इस दौरान किसानों की उनके साथ झड़प हुई। पुलिस ने उन्हें नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर दो पर रोक दिया है और किसान वहीं बैठ कर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगा रहे हैं।

- प्रेरणास्थल पर बैठे किसान, मांगों के समर्थन में लगाए नारे



- ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य वाहनों पर आए थे किसान
- अफसरों से बैठक के बाद समझौता

*किसानों ने दिल्ली कूच की अपनी योजना फिलहाल के लिए ब्रेक लगा दिया है। वह सरकार से बातचीत होने तक दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले, यूपी के हजारों किसानों के दिल्ली कूच के मद्देनजर नोएडा से लगी सभी सीमाओं को छावनी में तब्दील कर चौकसी बढ़ा दी गई थी। किसानों को रोकने के लिए नोएडा में ही 5000 से अधिक पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया था।*



### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हाईवे न रोकें किसान

सुप्रीम कोर्ट ने किसानों के प्रदर्शन को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसानों को नसीहत देते हुए कहा है कि उनके प्रदर्शन से आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा प्रदर्शन के दौरान हाईवे भी जाम नहीं होना चाहिए। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को नसीहत दी हई।

### पुलिस कमिश्नर बोल- दिया आश्वासन

*पुलिस कमिश्नर कानून-व्यवस्था, नोएडा शिवहरि मीणा का कहना है कि हम लगातार किसान नेताओं से बातचीत कर रहे थे। किसानों ने अधिकारियों को अपनी मांगें बताई हैं। अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिया है। ट्रैफिक व्यवस्था सामान्य स्थिति में लौट आई है।*

### संयुक्त किसान मोर्चा का दिल्ली कूच

इधर, इस मामले में किसान नेताओं का कहना है कि अगले 7 दिन के लिए आंशिक धरना दलित प्रेरणा स्थल पर ही जारी रहेगा। 7 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं निकलने पर बार फिर हजारों किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे।

### टिकैत बोले- दिल्ली से ही निकलेगा हल

किसानों के दिल्ली चलो मार्च पर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को महामाया फ्लाईओवर पर रोक दिया गया। किसान दिल्ली जाना चाहते हैं क्योंकि समस्या का हल दिल्ली से ही निकलेगा। किसान दिल्ली की ओर जाना चाहते हैं लेकिन पुलिस किसानों को रोक रही है।

## खबर संक्षेप

### आज से चलेगी संसद की कार्यवाही: रीजीजू



**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दल संसद में गतिरोध दूर करने के लिए सहमत हो गए हैं। मंगलवार से दोनों सदनों में सुचारू तरीके से कामकाज होगा।

### दो मजदूर नहर में गिरे, दोनों की मौत

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में मप्र के दो मजदूरों की रविवार को शराब पीने के दौरान कथित तौर पर नहर में गिरने से मौत हो गई। मुरैना निवासी मनोज (45) और भिंड निवासी सत्येंद्र (31) कोटा में एक 'कैटरिंग (खान पान) फर्म' में काम करते थे। दोपहर करीब तीन बजे दोनों कथित तौर पर शराब पीने के दौरान भदाना नहर की दीवार से नीचे गिर गए।

### स्पाइसजेट की हज के लिए संचालित करेगी 100 उड़ानें

**मुंबई।** घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने 2025 में देश के चार प्रमुख शहरों कोलकाता, गुवाहाटी, श्रीनगर और गया से हज के लिए उड़ानें संचालित करने का अधिकार हासिल कर लिया है। विमानन कंपनी ने कहा, स्पाइसजेट हज 2025 के लिए 100 से अधिक विशेष उड़ानें संचालित करेगी। अगले साल 2024 की तुलना में 18 प्रतिशत अतिरिक्त तीर्थयात्रियों के हज जाने की उम्मीद है।

## वीडियो वायरल, हुआ सस्पेंड

# अनुपस्थित रहने पर मिला नोटिस, तो बंदूक लेकर स्कूल पहुंचा प्रधानपाठक



शराब के नशे में स्कूल आकर महिला प्राचार्य को दी गोली मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| प्रतापपुर

शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों में शिक्षकों के आए दिन नए नए कारनामे सामने आ रहे हैं। सूरजपुर जिले में छात्राओं के शोषण की घटना के बाद अब प्रधान पाठक द्वारा बंदूक लेकर आने की घटना सामने आई है। स्कूल में गैरहाजिर रहने वाले प्रधानपाठक सुशील कुमार कौशिक को जब अनुपस्थित किया गया तो वह सीधे बन्दूक लेकर शेष पेज 2 पर

### अब तक गिरफ्तारी नहीं

हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल में शराब के नशे में बंदूक लेकर घुसने वाले प्रधान पाठक पर शिक्षा विभाग ने निलंबन की कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली लेकिन उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। घटना को दस दिन बीत जाने के बाद भी अब तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं किया और ना ही उसकी गिरफ्तारी हुई। प्रधान पाठक के पास से हथियार भी जब्त नहीं किया गया। ऐसे में प्रधान पाठक कभी किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।

### की गई है कार्रवाई

प्रधान पाठक ने बरबसपुर हाई स्कूल के प्राचार्य को धमकी दी है। वह बंदूक लेकर स्कूल पहुंचा था। प्राचार्य की शिकायत के बाद जांच उपरांत जानकारी डीईओ को दी गई। प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। प्रधान पाठक पर पूर्व में भी कार्रवाई हो चुकी है।

-एमएस ध्रुव, बीईओ

### शिकायत के बाद निलंबित

*अनुपस्थित किए जाने और नोटिस जारी होने से नाराज प्रधान पाठक द्वारा बन्दूक लेकर स्कूल पहुंचने की घटना से बच्चे व शिक्षक डरे सहमें रहे। इस घटना की शिकायत महिला प्राचार्य ने बीईओ से 22 नवंबर को की। इसके बाद डीईओ के निर्देश पर बीईओ द्वारा मामले की जांच की गई। बताया जा रहा है कि प्रधान पाठक अक्सर स्कूल में अनुपस्थित रहता है और शराब के नशे में आता है।*




कई शव जमीन पर पड़े दिखे

गिनी में अफरा-तफरी का माहौल

पुलिस स्टेशन भी जलाया

### इसलिए हुआ विवाद

*एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, यह हिंसा मैच रेफरी द्वारा एक विवादित निर्णय के साथ शुरू हुआ। इसके बाद फैंस ने पिच पर हमला कर दिया।*




**कोनाक्री।** दक्षिणी गिनी के एक फुटबॉल स्टेडियम में प्रशंसकों के बीच झड़प के बाद मची भगदड़ में 56 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संचार मंत्री फना सौमाह ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर दिए गए एक बयान में कहा कि अधिकारी रविवार को हुई भगदड़ की इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के वास्ते जांच कर रहे हैं।

# विक्रांत मैसी ने इंडस्ट्री से ब्रेक लेने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विक्रांत मैसी उन चुनिंदा एक्टर्स में से एक हैं, जिन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग, लगन और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में नाम बनाया है। अब करियर के पीक पर विक्रांत मैसी ने अपनी लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस हैरान कर दिया है। एक्टर ने अचानक इंडस्ट्री से ब्रेक लेने का ऐलान किया है। विक्रांत का कहना है कि वो अब एक अच्छा पति, पिता और बेटा बनने पर फोकस करेंगे।

**सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**



### विक्रांत को मिली थी धमकियां

विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर लगातार चर्चा में हैं। यह साल 2002 के गोधरा कांड आधारित फिल्म है। इस फिल्म में विक्रांत ने एक क्षेत्रीय पत्रकार के रूप में काम किया है। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान विक्रांत ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा था कि उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इस विवाद के दौरान उन्होंने साफ तौर पर कहा, मैं इन धमकियों से बेफिक्र हूं, क्योंकि यह फिल्म पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित है।

## द रेलवे मेन को सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज का पुरस्कार

# फिल्मफेयर ओटीटी में दिलजीत, करीना ने मारी बाजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बहुप्रतीक्षित 5वें फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स समारोह का आयोजन मुंबई में धूमधाम से हुआ। इस समारोह में अभिनेता-अभिनेत्रियों, निर्देशकों सहित ओटीटी जगत से जुड़े कई कलाकार और कर्मचारी शामिल हुए। वेब सीरीज और फिल्मों सहित कुल 39 श्रेणियों में नामांकन किए गए थे। गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि शेष पेज 2 पर



### जयदीप को मिला पुरस्कार

*ओटीटी फिल्म श्रेणी में जयदीप अहलावत को 'महाराज' फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। वामिका गब्बी ने 'कुफिया' में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।*

### अमर सिंह चमकीला पुरस्कृत

*'अमर सिंह चमकीला' के संवाद लेखक इम्तियाज अली और साजिद अली को सर्वश्रेष्ठ संवाद का पुरस्कार मिला। 'अमर सिंह चमकीला' को सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार मिला। इसी फिल्म के सिल्वेस्टर फोन्सेका को सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफर का पुरस्कार मिला।*

### वेब ओरिजिनल फिल्म कैटेगरी

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म- अमर सिंह चमकीला
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक- इम्तियाज अली (अमर सिंह चमकीला)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-दिलजीत दोसांझ (अमर सिंह चमकीला)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-करीना कपूर खान (जाने जान)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-जयदीप अहलावत (महाराज)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-वामिका गब्बी (खुफिया)

## अकाल तख्त ने सुनाई सजा

### पूर्व डिप्टी सीएम को साफ करने होंगे बर्तन-जूते



**चंडीगढ़।** अकाल तख्त ने पंजाब में 2007 से 2017 तक शिरोमणि अकाली दल और उसकी सरकार द्वारा की गई 'गलतियों' के लिए सुखबीर सिंह बादल को 'तनखा' (धार्मिक सजा) का सोमवार को ऐलान कर दिया। उन्हें 'सेवादार' के तौर पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में बर्तन और जूते साफ करने का आदेश दिया। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को 9 साल पहले माफी देने और केस वापस लेने के मामले में श्री अकाल तख्त साहिब ने सोमवार को पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को सजा सुनाई।

*फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की स्पेशल स्क्रीनिंग संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में किया गया। फिल्म देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री-सांसद कई राज्यों के सीएम और एक्टर्स भी पहुंचे थे। फिल्म 2002 गोधरा कांड और उसके बाद हुए गुजरात दंगों पर आधारित है। जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम थे। मोदी पर यह आरोप भी लगे कि उन्होंने दंगों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी।*

# मोदी सहित सांसदों ने देखी 'द साबरमती रिपोर्ट', एक्टर विक्रांत भी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अभिनेता विक्रांत मैसी रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना अभिनीत यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को हुई गोधरा ट्रेन जलाने की घटना पर आधारित है। इस घटना में 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए थे, जिसमें 1,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी, जिनमें अधिकतर मुसलमान थे, उस वक्त पीएम मोदी गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री थे।

द साबरमती रिपोर्ट सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। इस फिल्म में विक्रांत मेसी ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई है। स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे विक्रांत मैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ फिल्म देखना मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा- आज प्रधानमंत्री जी के साथ और बाकी कैबिनेट मंत्रियों के साथ फिल्म देखने का एक अलग ही अनुभव था। मैं शायद इसे शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा।

**फिल्म में विक्रांत मैसी बने पत्रकार**



**पीएम मोदी ने की थी तारीफ**

इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर फिल्म की सराहना की थी। उन्होंने लिखा था- यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है, वो भी इस तरह से कि आम जनता भी इसे देख सके। झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त कायम रह सकती है, हालांकि तथ्य सामने आता ही है।

### मैसी के फैसले ने चौंकाया बॉलीवुड व फैंस को

फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत मैसी को धमकियां मिली थीं। यहां तक कि उनके 9 महीने के बच्चे के बारे में भी अनाप-शनाप बोला गया। इस बात का खुलासा खुद विक्रांत मैसी ने इंटरव्यू में किया था। इसी बीच विक्रांत मैसी ने आज फिल्म इंडस्ट्रीज छोड़ने का फैसला करके सबको चौंका दिया है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने का ऐलान किया।

### फिल्म को लेकर शुरू से चल रहा विवाद

दरअसल, मेकर्स और एक्टर्स की दलील है कि उन्होंने गोधरा कांड की असल सच्चाई फिल्म के जरिए दिखाने की कोशिश की है। उनका कहना है कि गुजरात दंगों पर तो खूब बातें होती हैं, लेकिन उसके पहले हुए गोधरा कांड पर चुप्पी साध ली जाती है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे लेकर तरह-तरह के रिएक्शन आए।

### राशि और रिद्धि, भी आईं नजर

फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्धि डोगरा हैं जो फिल्म देखने पहुंचीं। इस पॉलिटिकल ड्रामा मूवी अविनाश और अर्जुन ने लिखा है और असीम अरोड़ा की कहानी पर आधारित है। निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है, जिसे बाद में धीरज सरना ने बदल दिया। फिल्म का निर्माण शोभा और एकता कपूर के बालाजी मोशन पिक्चर्स और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन ने मिलकर किया है।

### कई राज्यों में टैक्स फ्री हुई फिल्म

इस फिल्म को हरियाणा, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, , राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और गुजरात में टैक्स-फ्री घोषित कर दिया गया है।

**नौसेना दिवस 4 दिसंबर के पूर्व बोले नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी**

# जनकल्याण के ऊपर हथियारों को महत्व देता पाक, भारत की शुभकामनाएं : एडमिरल त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन और पाकिस्तान की साझा चुनौती के बीच नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को दो टूक अंदाज में कहा कि हम पड़ोसियों की तरफ से आने वाले सभी खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पाकिस्तान की नौसेना के बहुत सारे जहाज और पनडुब्बियां चीन की मदद से बनाए जा रहे हैं। कुछ का निर्माण कराची शिपयार्ड व अन्य जगहों पर जारी है। इससे पता चलता है कि चीन की रुचि पाक की नौसेना को मजबूत बनाकर उसकी रणनीतिक क्षमता बढ़ाने पर है। इस पूरी कवायद की हमें जानकारी है। हमारा ध्यान इस बात पर है कि हमारे क्षेत्राधिकार में उनका कोई दखल न हो। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना दिवस के पूर्व में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हमें पाकिस्तान की नौसेना की आश्चर्यजनक प्रगति के बारे में जानकारी है। उनका लक्ष्य अगले एक दशक तक उसे 50 जहाजों वाली नौसेना बनाने का है।

### महासागर में अपने हितों पर करते ध्यान केंद्रित

नौसेनाप्रमुख ने कहा भारत का यह विश्वास है कि महासागर सभी के लिए खुले हुए हैं। कोई भी यहां आकर ऑपरेट करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन हमारा पूरा ध्यान इस बात पर रहता है कि समुद्री क्षेत्र में किसी और देश या नौसेना के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों से भारत के हित प्रभावित न हों। हालांकि इलाके में जारी तमाम गतिविधियों पर हमारी नजर बनी रहती है। नौसेना के पास एक तय ढांचा भी है जिससे हम ये निगरानी करते हैं कि कहां क्या हो रहा है। गुरुग्राम में आईएफसीआईओआर की इसमें अहम भूमिका है। चीन के रुख में कोई खास बदलाव नहीं आया है।

### अगले साल खरीदे जाएंगे घातक हथियार

26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमान, 3 और स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों के निर्माण को लेकर कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की मंजूरी के बाद अगले महीने जनवरी-2025 में समझौता हो जाएगा। पिछले साल जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से इस लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दी थी। इन्हें स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा।

# दो हजार वाले 6,839 करोड़ मूल्य के नोट अभी भी बाहर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के 98.08 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। अब चलन से हटाये गये केवल 6,839 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही लोगों के पास हैं। आरबीआई ने पिछले साल 19 मई को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। इन नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में अब भी उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय लोगों और इकाइयों से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2,000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। लोग देश के भीतर भारतीय डाक से भी 2,000 रुपये के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज सकते हैं।

# सरकारी आय प्रभावित हुए बिना नागरिकों को टैक्स से बचाने कवायद

**जीएसटी काउंसिल की बैठक में हुआ विचार-विमर्श**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जीएसटी काउसंसिल की सोमवार को हुई बैठक में पहली बार छत्तीसगढ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी औपचारिक रूप से बतौर मंत्री शिरकत की। आम आदमी को कैसे टैक्स के दबाव से बचाया जा सके और सरकार की तिजोरी पर भी असर न हो, ऐसे कुछ बेहद रोचक, और सकारात्मक सुझाव दिये। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों के वित्तमंत्री बैठक में भाग ले रहे थे। माना जा रहा था कि इसी बैठक में बहुप्रतीक्षित मंत्री समूह (जीओएम) की रिपोर्ट को रखा जा सकता है जिसमें कंज्यूमर फ्रेंडली जीएसटी को तर्कसंगत बनाये जाने के तमाम उपाय लागू करने की अनुशंसा की गई है। मगर, सूत्रों ने बताया कि किसी कारण रिपोर्ट नहीं रखा जा सका।

### अब 21 को जैसलमेर में बैठक

अब राजस्थान के जैसलमेर में प्रस्तावित जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में जीओएम की रिपोर्ट रखी जाएगी। विदित हो कि स्वास्थ्य बीमा पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी और टर्म लाइफ इंश्यारेंस से जीएसटी पूरी तरह हटाये जाने की अनुशंसा जीओएम ने की है। जीओएम की अनुशंसा पर अगर जीएसटी काउंसिल ने मुहर लगा दी तो निश्चित रूप से आम आदमी को इसका फायदा मिल सकेगा।

# जल्द ही होगी रूस के राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आगामी भारत दौरे को लेकर अगले साल की शुरुआत में जरूरी तारीखों की घोषणा की जाएगी। यह जानकारी सोमवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में अमेरिका में रूस के पूर्व राजदूत और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने दी। उन्होंने कहा कि रूस और भारत के शीर्ष नेताओं के बीच समझौते के तहत यह व्यवस्था है कि वह एक-दूसरे के साथ साल में एक बार जरूर बैठक करते हैं। इस बार हमारी बारी है। इसके लिए हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से निमंत्रण मिला है और इसे हम सकारात्मकता के साथ देख रहे हैं।

### पीएम ने 2024 में दो बार की रूस यात्रा

गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल दो बार रूस की यात्रा की है। इसमें पहले वह जुलाई महीने में 22वें रूस-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉस्को गए थे। इसके बाद अक्टूबर में रूस के कजान शहर में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री मोदी ने शिरकत की थी।

### युद्ध के बाद पहली भारत यात्रा

यूरी उशोकोव ने बताया कि वर्ष 2022 में यूक्रेन के साथ हुई जंग की शुरुआत के साथ यह पहला ऐसा मौका है। जब राष्ट्रपति पुतिन रूस के बाहर किसी और देश की यात्रा करेंगे। पुतिन युद्ध अपराधों के मामले में गिरफ्तारी वारंट का सामना कर रहे हैं। इस वारंट का अर्थ यह है कि पुतिन के द्वारा किसी भी आईसीसी देश की यात्रा करने पर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। रूस और भारत दोनों देश आईसीसी के सदस्य नहीं हैं।


# भारत-मलेशिया संयुक्त युद्धाभ्यास हरिमाऊ शक्ति की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और मलेशिया के बीच सोमवार से संयुक्त युद्धाभ्यास हरिमाऊ शक्ति की शुरुआत हुई। इस वर्ष 2 से 15 दिसंबर तक इसका आयोजन मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में किया जा रहा है। सेना ने बताया कि इसमें 78 कर्मियों वाली भारतीय सैन्य टुकड़ी की अगुआई महार रेजिमेंट की एक बटालियन कर रही है। मलेशिया की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व 123 कर्मियों वाली मलेशियाई टुकड़ी के कंधों पर है। षयह युद्धाभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है।

### पहले चरण में क्रॉस ट्रेनिंग पर ध्यान


दो चरणों में होने वाले इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय सात के तहत जंगल के इलाके में आतंकवाद रोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ावा देना है। पहले चरण में दोनों सेनाओं के बीच क्रॉस ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।



# गायिकी का भी रखती हैं हुनर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री कायनात अरोड़ा ने छोटे से करियर में बॉलीवुड के साथ ही पंजाबी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय किया है। क्या कहा आप कायनात अरोड़ा को नहीं जानते? क्या आप मिस मार्लो को जानते हैं? जी हां, मिस मार्लो, कहीं सुना-सुना लग रहा है न ये नाम। बिल्कुल सही



समझे आप। फिल्म 'ग्रैंड मस्ती' की मिस मार्लो यानी कायनात अरोड़ा। कायनात उत्तर प्रदेश के सहारनपुर की रहने वाली हैं। अभिनय के अलावा ने गायिकी का हुनर भी रखती हैं। कई मलयालम फिल्मों में उन्होंने गाने गाए हैं। 2 दिसंबर 1982 को सहारनपुर में जन्मी कायनात अरोड़ा ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। 2010 ने अक्षय कुमार और तृषा की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'खट्टा-मीठा' में विशेष उपस्थिति यानी स्पेशल अपीयरेन्स के साथ उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। इस फिल्म के लोकप्रिय आइटम नम्बर 'आइला रे आइला' में उन्होंने अपनी झलक दिखाई। कायनात अरोड़ा के बर्थ ईयर को लेकर सोशल मीडिया पर ही अंतर है। ज्यादातर जगहों पर उनका जन्म वर्ष 1986 है।

# बनकर तैयार था गाना हीरो ने बंद कर दी फिल्म

**नई दिल्ली।** साल 1980 में रिलीज हुई फिरोज खान की फिल्म 'कुर्बानी'ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसका गाना 'लैला ओ लैला'भी सुपरहिट हुआ था। आज भी लोग इस गाने को सुनना पसंद करते हैं। हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' में जीनत ने इस गाने के बारे में दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि यह आइकॉनिक सॉन्ग 'कुर्बानी'नहीं बल्कि, किसी दूसरी फिल्म के लिए तैयार किया गया था। सोनी टीवी के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल पर 'इंडियन आइडल'का एक प्रोमो शेयर किया गया है। इस वीडियो में जीनत अमान शो की एक कंटेस्टेंट से बात करती नजर आ रही हैं। इस बीच वह 'लैला ओ लैला'गाने को लेकर एक बड़ा खुलासा करती हैं। प्रोमो में जीनत अमान ने बताया कि यह गाना 'कसक' फिल्म के लिए बनाया गया था।




***जीनत अमान ने सालों बाद खोला राजः*** जीनत अमान ने कहा, 'जब लैला ओ लैला की शूटिंग हुई। यह पहली बार था जब मैंने फिरोज साहब के साथ शूटिंग की थी और यह फिल्म कुर्बानी के लिए नहीं था, बल्कि यह कसक के लिए था। हमने इस गाने की शूटिंग बहुत प्यार, मेहनत और जुनून के साथ की थी। बाद में फिरोज खान साहब ने फैसला किया कि वह कसक फिल्म नहीं बनाएंगे। वह फिल्म कैंसिल हो गई और फिर इस गाने का इस्तेमाल कुर्बानी मूवी में किया गया।' इस गाने को जीनत अमान और फिरोज खान पर फिल्माया गया था।

# इस हफ्ते दिखेगी विक्की विद्या और जिगरा, ओटीटी पर इन सीरीज-फिल्मों को देख दूर होगा 'तनाव'...

**नई दिल्ली।** साल 2024 के आखिरी महीने दिसंबर का पहला हफ्ता शुरू हो चुका है। ऐसे में इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई धमाकेदार फिल्में और वेब सीरीज भी रिलीज होने के लिए तैयार हैं। वर्तमान में कई लोग ऐसे हैं, जो ओटीटी पर पसंदीदा वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने का इंतजार करते हैं। अब उनके इंतजार पर विराम लगने वाला है। दर्शकों के लिए दिसंबर का पहला हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते ओटीटी पर कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं। चलिए आपको बताते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।

**जिगरा :** 'जिगरा' की कहानी एक बहन के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने छोटे भाई की रक्षा के लिए हर हद तक जा सकती है। हिंदी फिल्म में आलिया भट्ट, वेदांग रैना, आदित्य नंदा, आकांक्षा रंजन कपूर और राहुल रविंद्रन मुख्य भूमिकाओं में हैं। जिगरा 6 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

**विक्की विद्या का वो वाला वीडियो :** 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की कहानी एक विवाहित जोड़े पर केंद्रित है, जिनकी सीडी चोरी हो जाती है, जिसमें उनका निजी वीडियो है। फिर यह फिल्म सीडी को खोजने के उनके संघर्ष को दिखती है। फिल्म में राजकुमार राव, तृप्ति डिमरी, मल्लिका शेरावत, विजय राज और अर्चना पूरन सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो 6 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



**तनाव सीजन-2 :** हिंदी वेब सीरीज 'तनाव' का पहला भाग 6 सितंबर को रिलीज हुआ था। इसका दूसरा भाग यानी तनाव सीजन 2, 6 दिसंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाला है। इसमें मानव विज, गौरव अरोड़ा, कबीर बेदी, रजत कपूर और एकता कौल अहम भूमिका में हैं।

**अमरन :** तमिल फिल्म मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन और 2014 में शोपियां में काजीपथरी ऑपरेशन में उनके योगदान के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में साई पल्लवी, शिवकार्तिकेयन, भुवन अरोड़ा, राहुल बोस, सुरेश चक्रवर्ती और श्रीकुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। अमरन 5 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।

# नाना की 'वनवास' का ट्रेलर रिलीज...




**मुंबई।** नाना पाटेकर जिस भी किरदार को निभाते हैं, उसमें पूरी तरह से ढल जाते हैं। वह फिल्म 'वनवास'में भी अभिनय कर रहे हैं। अभी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म 'वनवास'के ट्रेलर में उनका भावनात्मक अभिनय दर्शकों की आंखों को गीला कर देने क्षमता रखता है। इस फिल्म में उनके साथ अहम भूमिका में अभिनेता उत्कर्ष शर्मा हैं। फिल्म 'वनवास'के ट्रेलर में नाना पाटेकर का किरदार अपने परिवार के साथ बनारस आता है। उनका परिवार उन्हें यही अकेला छोड़ जाता है। ऐसे में वह उत्कर्ष के किरदार से मिलते हैं और दोनों के बीच एक अलग रिश्ता बनता है। आखिर में उत्कर्ष का किरदार वादा करता है, वह उन्हें उनके बच्चों से मिलवा देगा। लेकिन आगे कुछ ऐसा होता है कि नाना का किरदार अपना ही पिंडदान कर देता है। ट्रेलर में फिल्म की कहानी की जो झलक मिली है, उससे अहसास होता है कि यह एक भावनात्मक कहानी साबित होगी। फिल्म 'वनवास'को अनिल शर्मा ने ही लिखा और निर्देशित किया है। वहीं इस फिल्म को वह प्रोड्यूस भी कर रहे हैं।

# अमिताभ को आया गुस्सा, क्रिप्टिक पोस्ट कर बोले 'चुप'


**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर खूब सक्रिय रहते हैं। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर) तक वे लगातार पोस्ट साझा करते हैं। इसके अलावा वे ब्लॉग लेखन भी करते हैं। हालांकि, अपने पोस्ट में बिग बी ज्यादातर अपने कामकाज से संबंधित बातें करते नजर आते हैं या फिर कोई कविता किस्सा सुनाते हुए। लेकिन, सोमवार को अमिताभ बच्चन ने एक्स पर जो पोस्ट साझा किया है, इसमें वे गुस्सा होते दिख रहे हैं। बिग बी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'चुप'। इसके साथ गुस्से वाली इमोजी पोस्ट की है। बिग बी का यह पोस्ट



सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फैंस चिंता जता रहे हैं कि आखिर उन्होंने ऐसा पोस्ट क्यों किया है। यूजर्स ने सवालों की झड़ी लगा दी है। वहीं, कुछ यूजर्स मजाकिया कमेंट भी करते दिख रहे हैं। अमिताभ बच्चन का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है, जब इन दिनों अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के तलाक की अफवाहों ने जोर पकड़ा हुआ है। ऐसे में यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि बहू-बेटे के रिश्ते को लेकर हो रहीं चर्चाओं पर बिग बी का गुस्सा फूटा है। यूजर्स सवाल कर रहे हैं, 'आप किसे चुप करा रहे हैं?' कुछ यूजर लिख रहे हैं, 'चुप किसे रहना है, यह तो बताना ही भूल गए'।

# 'पुष्पा-2' का नया गाना 'पीलिंग्स' जारी

**मुंबई।** 'पुष्पा 2: द रूल' अगले हफ्ते बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। जहां प्रशंसक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में




'पुष्पा 2' के नए गाने 'पीलिंग्स' का टीजर जारी किया था। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब निर्माताओं ने आखिरकार प्रशंसकों के इंतजार पर विराम लगाते हुए फिल्म का यह गाना जारी कर दिया है। इस धमाकेदार गाने में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के किरदारों यानी पुष्पा राज और श्रीवल्ली ने अपनी बेहतरीन केमिस्ट्री दिखाई है। गाने की धमाकेदार बीट्स पर थिरकते हुए दोनों ने डांस फ्लोर पर आग लगा दी। लंबे समय के बाद अल्लू अर्जुन ने एक बार फिर स्क्रीन पर अपने डांस कौशल का प्रदर्शन किया है और दर्शकों को प्रभावित किया है। गाना रिलीज होते ही प्रशंसकों ने कमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कीं।

## टीवी मसाला



# माहौल अच्छा नहीं होता तो एक साल से ज्यादा नहीं कर पाता काम

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में सोनू के किरदार के लिए जानी जाने वाली पलक सिधवानी को शो निर्माता असित कुमार मोदी ने जवाब दिया है। पलक सिधवानी ने असित कुमार मोदी पर मानसिक प्रताड़ना और पूरे पैसे न देने का क्लेम लगाया था। असित कुमार मोदी ने बातचीत में कहा कि हर आर्टिस्ट को समय पर उनकी सैलरी दे दी जाती है। असित कुमार मोदी ने कहा, 'हमें सेट पर अनुशासन बनाए रखना होता है। अगर आप पहले से ही किसी संगठन के साथ काम कर रहे हैं, तो क्या आपको दूसरे काम करने की भी अनुमति होगी, है न? इसी तरह, हमारे पास भी कुछ नियम हैं क्योंकि हमें हर महीने 26 एपिसोड शूट करने होते हैं। असित कुमार मोदी ने कहा, 5-6 साल तक हमारे शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में काम करने के बाद इस तरह के आरोप लगाना दुखद है। अगर हमारे सेट पर माहौल वाकई खराब होता, तो कोई भी वहां एक साल से ज्यादा काम नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि अगर लोग जाने से पहले अपनी चिंताएं साझा करते, तो मैं समझ जाता। हमारे साथ काम करने वाले हर कलाकार को समय पर भुगतान किया गया है। कुछ कलाकार 16 साल से हमारे साथ हैं, और उन्हें कभी किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।असित कुमार मोदी पर पलक सिधवानी ने कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा था कि उन्हें अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करने की धमकी भी दी। पलक ने कहा, अपनी खराब सेहत के बारे में बताने के बावजूद, उन्हें 12 घंटे तक शूटिंग करने के लिए मजबूर किया गया।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## हमारा आशियाना

### रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

## Appointment आवश्यकता

### सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- सिविल इंजीनियर, साइड सुपरवाइजर, चौकीदार की आवश्यकता है। पता- संतोषी कंस्ट्रक्शन कबीर नगर रायपुर मो. 8815464571 (RO-6432)

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016. (RO-3114)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है Post. Pationt care, Reception, OT Home care Qalification. 10th ,12th , Bsc. Diploma B.com G N M Salery. 9000 se 16500 Adress- Sattyam Bihar Raipur Contect Number 9534773221 (RO-6433)

आवश्यकता है- अनुभवी NICU नर्सिंग स्टाफ -04, अनुभवी NICU ड्यूटी डॉक्टर-01, एक्स-रे टेक्नीशियन -01, नर्सिंग स्टाफ (Bsc Nursing ) GNM, ANM-10, H.R मैनेजमेंट-01 श्री कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अंबे फ्यूल्स के पास सारखी रोड अभनपुर 7389101264 मिलने का समय 11:30 से 3:00 तक (RO-1790)

### टीचर

आवश्यकता है- चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम प्रोफेसर कॉलोनी में नर्सरी से आठवीं तक छात्रों को पढ़ाने हेतु टीचर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित मिले संपर्क करें:- 9644021854.(RO-3127)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 04 पता- आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर - 843 590 4413 (RO-6430)

आवश्यकता है- रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्कता है संपर्क नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मो. 9300188811.(RO-1017)

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (RO-370)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### क्लिनिक कार्य/ड्रायवर

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लिनिक हेतु लड़के / लड़कियों / पुरुष /महिला व ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क डॉ अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाने के सामने मो. 98271-99213.(आरो न.-635)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9589295885, 9993929100.(RO-3110)

### टेलीकॉलर

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12TH PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-3133)

हरिभूमि

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य एवं टेली कॉलिंग कार्य हेतु, लड़की / महिला चाहिए पार्टटाइम / फुलटाइम समय 8 से 8 खाना + रहना फ्री सैलरी 8000/- आधार फोटो बायोडाटा सहित संपर्क:- गोकुल टावर, गोगांव गुढ़यारी रायपुर मोबाइल 90393-21951. (RO-3132)

### नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ की अतिशीघ्र आवश्यकता है (ANM / GNM) वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल न्यू शांति नगर रायपुर 7400558800. (RO-6431)

### सेल्स/ मार्केटिंग

आवश्यकता है- प्रत्येक तहसील एवं जिले स्तर रिसर्च बेस आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स के सेल्स एवं मार्केटिंग हेतु डाक्टर्स, मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव, वैद्य तथा अनुभवी लोगों की आवश्यकता है। आय 20000- 50000/- प्रतिमाह:- 9713517535, 9300494000. (RO-334)

### अन्य

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस- लोन, लोन, लोन गुरुकृपा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं के लिए विशेष छूट संपर्क:- 9201641302. (RO-3131)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

## Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

## Property प्रापर्टी

### वाहन

Sale- Scrap of 2 Motorcycles.Interested customers may visit and submit sealed quotations at : Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd. Unit No.:- 509-510-511, 5th Floor, Wallfort Ozone, Fafadih Chowk, Raipur, Chhattisgarh - Ph.: 07716620300 (RO-3851)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी... 15 जुन 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## Healthcare

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग, हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

रोग जटिल एवं बड़ा है अतः धीरज एवं विश्वास रखे चिंता न करे क्योकि आप के रोग एवं समस्या का समाधान केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं इसमे रोग को स्थाई रुप से जड़-मूल से नाश किया जा सकता है ।अन्य उपाय से रोग दब जाते है जड़ से नहीं जाते ।
● सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग (शरीर में तांबे रंग के छिलके पपड़ीयुक्त दाग, सिर में रुसी का भ्रम नाखूनों का सड़ना, घुटने में दर्द इत्यादि)
● एच.आई.वी., एड्स (HIV AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर जेन्टीलियस एवं हर्पिस सिम्पलेक्स) स्त्री पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन दर्द योनी मार्ग से बदबू सफेद पीला पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी. हो सकता है एवं हेपाटाइटिस सिफलिस गौनोरिया (मूत्र मार्ग से पस) जाते हो तो तुरंत खुन की जांच कराये यहां जांच की पूर्ण व्यवस्था है ।
● समस्त यौन रोग एवं यौन (सैक्स) कमजोरी नपुंसकता, स्वप्नदोष, शीघपतन पेशाब मार्ग से धातु जलन प्रोस्टेट विकार यूरेथ्रास्ट्रेक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
इस तरह हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग मे वर्षो से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गये हो तो अवश्य ही मिलें।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.) 9425555659, 9617789223,
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, 9303242200, 9303948500, 0788-4011332 समय शाम 3.30-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

# पानी भरने पर विवाद, महिला ने की वृद्धा की हत्या

**राजनांदगांव।** नल से पानी भरने के लिए आए दिन विवाद होने से आक्रोशित महिला ने वृद्ध महिला की पत्थर मारकर हत्या कर दी थी। डोंगरगांव क्षेत्र में हुए इस घटना की सूचना पर जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बस स्टैंड स्थित सुलभ



शौचालय के पास गत दिवस सुबह के समय एक वृद्ध महिला का शव देखा गया था। जिसके सिर पर गंभीर रूप से हमला किया गया था व चोंट के निशान थे। इस घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही थी।

## पत्थर से किया वार

रूखमणीबाई लगभग साढ़े 4 बजे अपने चारो पानी के डिब्बा को लेकर नल के पास आई, तब मौका देखकर आरोपिया ने अपने हाथ में रखे पत्थर से रूखमणीबाई के सिर में वार कर चोंट पहुंचाई, तब वह भागने लगी, लेकिन भुनेश्वरी पुनः उसे पकड़कर खींचकर नल के पीछे काम्प्लेक्स के पास घसीटकर ले गई। पास में रखे पत्थर से सिर में बार-बार वार किया एवं पुनः काम्लेक्स के पीछे प्रसाधन के पास सकरे जगह मे ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पत्थर को जब्त कर लिया है। आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

# गिरने से राइस मिल मजदूर घायल

**धमतरी।** राइस मिल में काम करते समय मजदूर युवक ऊंचाई से नीचे गिर गया। घटना में घायल मजदूर को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। अजय मंडल 3-4 माह से ग्राम पोटियाडीह स्थित अरिहंत एग्रो इंडस्ट्रीज में हेल्पर का काम कर रहा है। सोमवार को मशीन चढ़ाते समय युवक रस्सी को पकड़ा हुआ था। इसी दौरान युवक 15 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया।

## कार्यालय, कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा

पत्रांकः– सिमडेगा, दिनांकः–

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांकः–724 दिनांकः–25.11.2024 द्वारा आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–WRD/MID Simdega/F2-07/2024-25 दिनांकः–25.12.2024 द्वाराः–

Constructon of Gariyajor Solar Powerd L.I.Scheme Block-Kurdeg जो दिनांकः–29.11.2024 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ (पी.आर.नम्बर–**340545**(Simdega)/2024–25 (D)) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in. एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा।

**PR.NO.340930 Simdega(24-25):D**

## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

**अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/08//2024-25 (2nd Call) PR No. 338505(SIMDEGA)24-25*D**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–**

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत–ग्राम–टाटी में फिरका के पास देव नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 545.72900 | 1091500.00 | 10000.00 | 24 Month |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **06.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।**
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– **दिनांक 06.12.2024 से दिनांक 12.12.2024 को अपराह्न 3:00बजे तक**
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – **कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।**
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय **13.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे**
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।**
7.ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं० – **9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाश नम्बर)**
8-परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,सिमडेगा

**PR 340932 (Simdega)24-25*D**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज

**अति अल्पकालीन ई०-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– पुनर्निविदा सूचना संख्या – **RDD/SD/SAHIBGANJ /07/3rd call/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं०/ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सिमड़ा ग्राम दुधियापोखर एवं झिमौली के बीच नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 456.89600 लाख रूपये | 9,14,000/- रूपये | 10,000.00 रूपये | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 03.12.2024 से दिनांक 10.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, साहेबगंज।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431347401 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज

PR 340911 Rural Development (24-25)_D

# दो माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण, आमदई एरिया कमेटी के तोड़मा आरपीसी में थे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के तहत दो माओवादियों ने समर्पण किया है। इनमें तोड़मा आरपीसी जीआरडी सदस्य दशरु कोवासी पिता स्व. माटा कोवासी उम्र लगभग 44 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोड़मा मटासीपारा थाना बारसूर जिला बीजापुर एवं तोड़मा आरपीसी केएएमएस सदस्या पायको मांडवी पति लक्ष्मण कश्यप उम्र लगभग 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी तोड़मा मुसकोंटापारा थाना बारसूर जिला बीजापुर शामिल हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमाण्डेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ राजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ सुभाष चंद्र प्रसाद , द्वितीय कमान अधिकारी




195वीं वाहिनी सीआरपीएफ विक्रांत वर्मा, सहायक कमांडेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ जफर आलम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में 2 दिसम्बर को आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ की सूचना शाखा का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित माओवादी को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार की सहायता राशि के साथ अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 206 ईनामी सहित कुल 886 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

## नक्सलियों ने मोबाइल टावर में लगाई आग

**बीजापुर।** ग्राम मोरमेड़ में लगे जिओ मोबाइल टावर को नक्सलियों ने आगजनी कर घटना को अंजाम दिया है। घटनास्थल से पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के नाम एक पर्चा मिला है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात्री नक्सलियों ने तोयनार थाना क्षेत्र के ग्राम मोरमेड़ में लगे जिओ मोबाईल टावर के उपकरणो को क्षतिग्रस्त कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। क्षेत्र में संचार सुविधा के लिए यूएसओफ योजना के तहत ग्राम मोरमेड़ में जिओ मोबाइल टॉवर स्थापित किया गया था। इस घटना की प्राथमिक रिपोर्ट तोयनार थाने में दर्ज करवाया गया है।



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालयीन आदेश**

आदेश क्रमांक......../ व. ले. लि / 2024-25 बिलासपुर, दिनांक.....

निविदा सूचना क्रं. 05/व.ले. लि/2024-25 दिनांक 19.09.2024 निविदा सिस्टम क्रं. 158773 खारंग जलाशय योजना अन्तर्गत पाराघाट माईनर नहर के आर.डी. 765 मी. से 1315 मी. तक आर. सी. सी. बैरल का निर्माण कार्य, ( प्रथम आमंत्रण) राशि रूपये 153.94 लाख को अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

**विज्ञापन क्रं. जी 242502647/**
**दिनांक 21.09.2024**
G-242504272/1

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

## यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
## [भारत सरकार के उद्यम]
## (CIN: U 12000 JH 1967 GOI 000806)
## पीओ : जादूगोड़ा माइंस, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखंड - 832 102

**विज्ञापन संख्या - 08/2024**

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल), परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है :

| क्रम सं. | पद का नाम / वेतनमान (रू.) | पदों की संख्या एवं श्रेणी | अधिकतम आयु 30/11/2024 को | योग्यता एवं अनुभव 30/11/2024 तक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | माइनिंग मेट सी 29190-3%-45480/- | 64 [एससी-09 एसटी 20 ओबीसी (एनसीएल) - 03 ईडब्ल्यूएस- 11 यूआर 21] | 35 वर्ष | **योग्यता** : एमएमआर 1961 के तहत डीजीएमएस द्वारा जारी अप्रतिबंधित माइनिंग मेट योग्यता प्रमाणपत्र के साथ इंटरमीडिएट। **अनुभव** : माइनिंग मेट. योग्यता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार के पास भूमिगत मशीनीकृत धातु खदानों में माइनिंग मेट के रूप में 05 (पांच) वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |
| 2 | ब्लास्टर-बी 28790-3%-44850/- | 08 [एससी 01, एसटी 01, ओबीसी (एनसीएल) 02 ईडब्ल्यूएस 01 यूआर 03] | 32 वर्ष 32 years | **योग्यता** : एमएमआर 1961 के तहत डीजीएमएस द्वारा जारी अप्रतिबंधित ब्लास्टर योग्यता प्रमाणपत्र के साथ मैट्रिक। **अनुभव**: ब्लास्टर योग्यता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद उम्मीदवार के पास भूमिगत धातु खदान में ब्लास्टर के रूप में 03 (तीन) वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |
| 3 | वाइंडिंग इंजन ड्राइवर-बी 28790-3%-44850/- | 10 [एसटी-03 ओबीसी (एनसीएल) 02 ईडब्ल्यूएस- 03 यूआर 02] | 32 वर्ष | **योग्यता** : डीजीएमएस द्वारा जारी प्रथम श्रेणी वाइंडिंग इंजन ड्राइवर योग्यता प्रमाण पत्र के साथ मैट्रिक। **अनुभव** : उम्मीदवार के पास प्रथम श्रेणी विंडिंग इंजन ड्राइवर योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद मेटल माइंस में वाइंडिंग इंजन ड्राइवर के रूप में 03 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव होना चाहिए, जिसमें से 75 एचपी वाईडर या अधिक पर कम से कम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |

उक्त विज्ञापन की विस्तृत जानकारी यूसिल वेबसाइट www.uraniumcorp.in पर उपलब्ध है।

CBC- 48134/12/0036/2425 आदेशानुसार

## RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION
Head Office Near Gandhi Maidan Raipur (CG)
Ph.No. 0771-2535780,90, Fax:0771-2227395
E-mail:- dc_rmc@rediffmail.com, www.nagarnigamraipur.com

Ref:1034/RMC/NNR/Zone No 05/2024 Raipur, Dated: 02.12.2024

**EXPRESSIONOFINTEREST**
**Notice Inviting Tender(NIT) 4th call**

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq. feet Box Cricket Stadium at sector 4 office garden,behind passport office at word 41 dindayal upadhayay nagar under the annual license fees model for 5 Years. The Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs. 5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the tendar section Room No 07 Raipur municipal Corporation Zone No 05 The last date for Submission is 12.12.2024 For more information, Visit our Website eproc.cgstate.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देंवें

ZoneCommissioner
Zone No 05
Raipur Municipal Corporation

## CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)

VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 98279-57670 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in

NIT Ref. No.13574/CREDA/Domain & Cloud/2024-25 Date: 29.11.2024

# NOTICE INVITING TENDER

CREDA invites Expression of Interest (EOI) from qualified firms through an e-bidding process under Rate Fixation Contract for the Design and Development of Websites and Mobile Applications, Set up of a New Cloud Server, New Domain for Website(s) (including SSL Certificate), Operation & Maintenance of existing Software and Servers of CREDA and other related services under the defined scope of work.

**Last date of submission of Online Bid : 19.12.2024 till 5:00 PM**
**Opening of Online Bid : 20.12.2024 12:00 PM onwards**

Technical & Price Bid shall be submitted online at https://eproc.cgstate.gov.in However technical bid (as per checklist) also has to be submitted duly signed hard copy at EE (RE-IV), CREDA. If there is any discrepancy in the e-Bid and hard copy, only the documents in e-Bid shall be considered as valid. In no case the hard copy of documents shall be evaluated, they are only for record keeping by CREDA. Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly. (For any query about e-bidding please visit user manual at https://eproc.cgstate.gov.in.

Tender document is available at **www.creda.co.in** and at **https://eproc.cgstate.gov.in**
CREDA reserves all rights to accept/reject any or all bids in full/part without assigning any reasons.

Executive Engineer (RE-IV)
CREDA

## छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन,
## हाऊसिंग बोर्ड कमर्शियल कॉम्प्लेक्स , चतुर्थ तल, दक्षिण पूर्व कार्नर, सेक्टर 27, अटल नगर, नवा रायपुर (छ. ग.) - 492015

**निविदा सूचना क्र./10595/सी.जी.एम.एस सी.लिमि. /तकनीकी/2024-25**

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा प्रयोगशालाओं के साथ अनुबंध किये जाने हेतु प्रतिष्ठित फ़र्म से निविदायें आमंत्रित की जा रही है।

निविदा दस्तावेज और नियम इत्यादि का विवरण दिनांक **03/12/2024 से 30/01/2025** तक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.cgmsc.gov.in** तथा **https://www.eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं उक्त निविदाओं में समयानुसार किये जाने वाले संशोधनों की जानकारी उपरोक्त वेबसाइटो से प्राप्त किया जा सकेगा।

दिनांक 02/12/2024

**वास्ते/-**
**प्रबंध संचालक**
**सी.जी.एम.एस. सी. लिमिटेड**
**अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)**

S-42292/2

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal:http://wrd.cgeprocurement.gov.in
**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक 161344, कार्य का नाम बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के चितापुर स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य हेतु (प्रथम आमंत्रण), निविदा सूचना क्रमांक 21 / वलेलि / 2024-25 दिनांक 21.11.2024, जिसका जी नंबर 242503978, दिनांक 21.11.2024 है, को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग,**
**जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)**

G-242504239/2

## कार्यालय, कलेक्टर
## (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर कांकेर

**-: अल्प कालिन निविदा :-**

एन.आई.टी. क्रमांक / 51/ जि.नि.स./2024-25 कांकेर, दिनांक 29.11.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि - 06/12/2024 (सायं 5:00 बजे तक) (रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 10/12/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 12/12/2024 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 20/12/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 24/12/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | घरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 51 | वि.ख.- अंतागढ़ मेनरोड टी-09 से तुमापाल (ताड़ोकी रेल्वे स्टेशन) तक क्षतिग्रस्त मार्ग का सुधार कार्य लंबाई 3.20 कि.मी. | 85.33 | 65,000/- | |

**कलेक्टर,**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

G-242504238/1

# शराबी बेटे ने रुपए नहीं देने पर घर में लगाई आग, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब के लिए मां ने रुपए नहीं देने पर आक्रोश में आकर बेटा ने अपने कमरे को आग लगाने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मां मायके चली गई तो घर पर बेटा घटना के समय अकेला था। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम पतोरा निवासी लक्ष्मी श्रीवास ने 1 नवंबर को पुलिस में शिकायत किया था कि बड़ा बेटा तरूण श्रीवास शराब के नशे में घर पहुंचा और पैसों की डिमांड कर परेशान कर रहा था। जिसे लेकर उसकी मां ने रुपए देने से इंकार कर दिया। तरुण के परेशान करने पर लक्ष्मी अपनी मां के घर अकलोरडीह चली गई। शाम को लक्ष्मी श्रीवास के छोटे बेटा लोकनाथ श्रीवास ने फोन पर सूचना दिया कि भाई तरूण श्रीवास घर को आग लगा दिया है। तब किसी तरह आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग नहीं बुझा। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में घर का कुलर, दीवान, गैस सिलेण्डर , बर्तन, मकान में लगे बास, बल्ली, भदरी जल चूका था।

## मारपीट का वीडियो किया वायरल, 3 गिरफ्तार

**भिलाई।** अपचारी बालक के साथ मारपीट करने वाले तीन युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि गर्लफ्रेंड से बात करने को लेकर अपचारी बालक ने अपने दोस्त सुभाष चौक कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह, कैम्प 1 डिगेन्द्र साहू, घासीदास नगर जामुल आसिफ शेख और दो अपचारी बालको के साथ मिलकर बेस बल्ले से पिटाई कर दी।

## भारत सरकार
## गृह मंत्रालय,
## महानिदेशालय, सीमा सुरक्षा बल

**सीमा सुरक्षा बल में स्पोर्ट्स कोटा-2024 के तहत कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के पद के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भर्ती हेतु विज्ञापन**

पैरा-2 पर तालिका के अनुरूप स्पोर्ट्स कोटा के तहत सीमा सुरक्षा बल में अस्थाई आधार पर, जिनकी स्थाई होने की संभावना है, ग्रुप ''सी'' में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के गैर-राजपत्रित और गैर-मंत्रालयीक पद हेतु 275 रिक्तियों को भरने के लिये पात्र भारतीय नागरिक (पुरुष एवं महिला) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उम्मीदवारों से आवेदन केवल ऑन-लाइन मोड के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे। किसी अन्य मोड से आवेदन जमा करने की अनुमति नहीं है। ऑनलाइन आवेदन मोड 01.12.2024 से पूर्वा. 00:01 बजे से खुलेगा और 30.12.2024 को अप. 11:59 बजे बंद हो जाएगा।

2. **रिक्तियां** :-
निम्नलिखित स्पोर्ट्स / गेम्स संकायों में 275 रिक्तियां है :-

| क्र. सं. | संकाय | रिक्ति | | क्र. सं. | संकाय | रिक्ति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिलाएं | | | पुरुष | महिलाएं |
| 1 | तीरंदाजी | 3 | 3 | 15 | हॉकी | 4 | 7 |
| 2 | एथलेटिक्स | 13 | 16 | 16 | आइस-स्कीइंग | 6 | 0 |
| 3 | बैडमिंटन | 4 | 4 | 17 | जूडो | 2 | 4 |
| 4 | स्वीमिंग | 17 | 17 | 18 | कराटे | 3 | 4 |
| 5 | गोताखोरी | 3 | 3 | 19 | वॉलीबॉल | 4 | 10 |
| 6 | वाटर पोलो | 1 | 1 | 20 | वेट लिफ्टिंग | 5 | 3 |
| 7 | बास्केटबॉल | 4 | 10 | 21 | वाटर स्पोर्ट्स | 6 | 6 |
| 8 | बॉक्सिंग | 7 | 5 | 22 | कुश्ती (जी/आर) | 4 | 0 |
| 9 | साइक्लिंग | 4 | 4 | 23 | कुश्ती (एफ/एस) | 5 | 5 |
| 10 | क्रॉस कंट्री | 1 | 1 | 24 | शूटिंग | 5 | 3 |
| 11 | घुड़सवारी | 5 | 5 | 25 | ताइक्वोंडो | 5 | 6 |
| 12 | फुटबॉल | 4 | 0 | 26 | वुशु | 4 | 7 |
| 13 | जिम्नास्टिक्स | 6 | 6 | 27 | फेंसिंग | 0 | 6 |
| 14 | हैन्डबॉल | 2 | 12 | | | | |
| कुल योग - 275 (पुरुष - 127 और महिलाएं - 148) | | | | | | | |

**वेतनमान और अन्य भत्ते** : 7वें सीपीसी के अनुरूप पे मैट्रिक्स लेवल-3 रु. 21,700 - 69,100/- और नियम के तहत समय-समय पर केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी को देय अन्य भत्ते।

3. **पद हेतु पात्रता शर्त निम्नानुसार है :-**
 ए) **आयु** : 01 जनवरी 2025 के अनुसार 18 से 23 वर्ष (वर्तमान भर्ती नियमों के अनुरूप छूट)।
 बी) **शैक्षणिक योग्यता** :- किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन अथवा इसके समकक्ष (30.12.2024 के अनुसार)।
 सी) **स्पोर्ट्स योग्यताएं** :- खिलाड़ी जो विज्ञापन की अन्तिम तिथि से पिछले दो वर्षों के दौरान विस्तृत विज्ञापन (https://rectt.bsf.gov.in पर अपलोडेड) के पैरा-4 (बी) पर दी गई प्रतियोगिता के विभिन्न स्तर में भाग ले चुका हो अथवा मेडल जीता / जीते हों।
 डी) **शारीरिक मानक** :-
 i. **कद** : पुरुष = 170 सेमी. और महिला = 157 सेमी.
 ii. **छाती** -(केवल पुरुष हेतु) 80 सेमी. (बिना फुलाए). न्यूनतम फुलाव - 05 सेमी.
 iii. **वजन** - पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा मानकों के अनुरूप कद और आयु के अनुपातिक।
 टिप्पणी :- राजकीय आदेशों के अनुरूप शारीरिक मानदंड में छूट।
 ई) **चिकित्सा मानक** :- समय-समय पर एमएचए द्वारा जारी संशोधित चिकित्सा दिशा-निर्देशों के अनुरूप।
4. **आवेदन कैसे करें** : ऑनलाइन आवेदन मोड बीएसएफ भर्ती वेबसाइट https://rectt.bsf.gov.in पर 01.12.2024 पूर्वा. 00:01 बजे से खुलेगा और 30.12.2024 को अप. 11:59 बजे बंद होगा। पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों को केवल इस बीएसएफ भर्ती वेबसाइट के माध्यम से आवेदन करना चाहिए।
5. **चयन प्रक्रिया** :
 i. **प्रत्यायकों / दस्तावेजों की जांच करना।**
 ii. **शारीरिक मानदंड का मापन (पीएसटी)।**
 iii. **विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (डीएमई)।**

टिप्पणीः- रिक्तियों के प्रतियोगिता वार / वजन श्रेणीवार विवरण बीएसएफ भर्ती वेबसाइट https://rectt.bsf.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत दिशा-निर्देशों में उपलब्ध हैं। यद्यपि, रिक्तियां परिवर्तन के अधीन हैं (उपरोक्त संकायों के अंदर बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती हैं)। बीएसएफ किसी स्तर पर भर्ती को निरस्त करने अथवा स्थगित करने और बिना कोई कारण बताए इस विज्ञापन के प्रकाशन के पश्चात भर्ती प्रक्रिया के क्रम में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(प्रमेन्द्र कुमार)
कमांडेंट (टीआरजी/स्पोर्ट्स)
एचक्यू डीजी बीएसएफ नई दिल्ली

सीबीसी-19110/11/0076/2425

# डेरिवेटिव्स मार्केट में नए नियमों से 30 फीसदी तक घट सकता है ट्रेडिंग वॉल्यूम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर के पहले हफ्ते से डेरिवेटिव्स मार्केट में नए नियम लागू हो गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब ज्यादातर इंडेक्स के लिए वीकली एक्सपायरी नहीं होगी। पहले, ट्रेडर्स अलग-अलग इंडेक्स पर हफ्ते के अलग-अलग दिनों में एक्सपायरी पर फोकस करते थे, जैसेः सोमवार को बेंकेक्स, मंगलवार को फिन निफ्टी, बुधवार को बैंक निफ्टी, गुरुवार को निफ्टी, और शुक्रवार को सेंसेक्स। लेकिन अब, नए नियमों के तहत, हफ्ते में सिर्फ 2 इंडेक्स की एक्सपायरी होगी- निफ्टी और सेंसेक्स। बाजार

- अब हफ्ते में सिर्फ दो इंडेक्स निफ्टी व सेंसेक्स की एक्सपायरी होगी

## एफएंडओ मार्केट में रिटेल निवेशकों का खेल होगा खत्म

### वोलैटिलिटी में काफी बदलाव देखने मिला

विशेषज्ञ ने कहा कि उन्हें वॉल्यूम और वोलैटिलिटी के लिहाज से इस सप्ताह में काफी बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि नए नियमों के लागू होने के साथ, हमें उम्मीद है कि इस सप्ताह वॉल्यूम में कमी आएगी और इससे वोलैटिलिटी भी काफी हद तक कम हो सकती है। विशेषज्ञ को उम्मीद है कि वॉल्यूम में 15 फीसदी से 20 फीसदी की कमी आएगी।



### मिनिमम कॉन्ट्रेक्ट वैल्यू अब 15 लाख रुपए

दूसरी ओर नए एफएंडओ नियमों का ऑप्शन वॉल्यूम पर काफी असर पड़ेगा। इंडेक्स की मिनिमम कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू अब 15 लाख रुपए है, जो पहले के 5-10 लाख रुपए के रेंज से काफी ज्यादा है। इससे रिटेल निवेशकों के लिए बाजार में प्रवेश करना मुश्किल हो जाएगी। उनका अनुमान है कि वॉल्यूम्स में 20-30 फीसदी की गिरावट हो सकती है।

*निफ्टी के लॉट साइज 25 से बढ़कर 75 किया जा रहा*

*नए एफएंडओ नियमों में जो बदलाव किए गए हैं, उसके तहत निफ्टी के लिए लॉट साइज 25 से बढ़ाकर 75 किया जा रहा है। बैंक निफ्टी का लॉट साइज 15 से बढ़कर 30 कर दिया गया है। इस बदलाव से छोटे निवेशकों को बाजार में ट्रेड करना और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।*

### ट्रेडिंग में सुस्ती देखने मिल रही

इसके अलावा कई और पहलू भी इस हफ्ते ट्रेडिंग के सुस्त रहने का संकेत दे रहे हैं या इसे सुस्त रखने में अपनी भूमिका निभा सकते है। इसमें आरबीआई की मॉनिटिरी पॉलिसी कमेटी की इस हफ्ते होने वाली बैठक और अमेरिकी बाजारों में दिसंबर महीने के दौरान काफी अधिक छुट्टियां जैसी वजहें शामिल हैं। इसके अलावा जनवरी भी ट्रेडिंग के लिहाज से आमतौर पर सुस्त रहती है।

विशेषज्ञ का मानना है कि इन बदलावों का एफएंडओ मार्केट के ट्रेडिंग वॉल्यूम्स पर असर पड़ेगा। कुछ ट्रेडर्स का मानना है कि वॉल्यूम्स में 10 से 30 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। इसकी दो मुख्य वजहें हैं। पहला, एल्गो ट्रेडर्स को अब नए नियमों के हिसाब से खुद को एडजस्ट करना होगा।

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा की बिक्री नवंबर में 12 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 79,083 इकाई हो गई। मोटर वाहन विनिर्माता ने नवंबर 2023 में 70,576 वाहन बेचे थे। यूटिलिटी वाहन खंड में कंपनी ने घरेलू बाजार में 16 प्रतिशत अधिक 46,222 वाहन बेचे, नवंबर 2023 में उसने 39,981 वाहन बेचे थे।

### बजाज ऑटो की कुल बिक्री में 5 प्रतिशत की वृद्धि

**मुंबई।** बजाज ऑटो लिमिटेड की निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री नवंबर में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 4,21,640 इकाई रही। वाहन विनिर्माता ने सोमवार को बयान में बताया, नवंबर 2023 में उसने 4,03,003 वाहन बेचे थे। कुल घरेलू बिक्री पिछले महीने सात प्रतिशत घटकर 2,40,854 इकाई रह गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 2,57,744 इकाई रही थी।

### लेलैंड की थोक बिक्री में एक फीसदी का इजाफा



**मुंबई।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की नवंबर में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 14,137 इकाई हो गई। कंपनी की नवंबर 2023 में कुल थोक बिक्री 14,053 वाहन रही थी। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा, पिछले महीने घरेलू बिक्री चार प्रतिशत घटकर 12,773 इकाई रह गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 13,031 इकाई थी।

### ऑडी जनवरी से तीन फीसदी वाहनों की बढ़ाएगी कीमत

**नई दिल्ली।** लक्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने अगले वर्ष जनवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की सोमवार को घोषणा की। मूल्य वृद्धि एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, हमारे डीलर भागीदारों के लिए स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

### ओला इलेक्ट्रिक स्टोर की संख्या 4000 तक बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक की योजना 20 दिसंबर 2024 तक अपने कंपनी स्वामित्व वाले स्टोर की संख्या चार गुना बढ़ा 4,000 करने की है। कंपनी के वर्तमान में 800 स्टोर हैं और वह 3,200 से अधिक नए स्टोर खोलने की तैयारी है। इसमें कहा गया, सभी नए स्टोर में सेवा (सर्विस) सुविधाएं भी होंगी जिससे देश भर में कंपनी का सेवा नेटवर्क मजबूत होगा।

### स्विगी ने 400 से अधिक शहरों में किया विस्तार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन खाद्य एवं पेय पदार्थों की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी ने अपनी 10 मिनट में खाद्य पदार्थ पहुंचाने वाली अपनी सेवा 'बोल्ट' का विस्तार भारत के 400 से अधिक शहरों और कस्बों में किया है। स्विगी ने सोमवार को बयान में कहा, शुरुआत में बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, नयी दिल्ली, मुंबई और पुणे में पेश किया गया 'बोल्ट' अब जयपुर, लखनऊ, अहमदाबाद, इंदौर, कोयम्बटूर तथा कोच्चि जैसे शहरों में भी सक्रिय है।

---

वित्त राज्य मंत्री चौधरी ने दी इस आशय की जानकारी

# सरकार ने घरेलू कच्चे तेल, पेट्रोल-डीजल निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर को हटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*सरकार ने कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल और विमानन ईंधन (एटीएफ), डीजल एवं पेट्रोल के निर्यात पर 30 महीने पुराना अप्रत्याशित लाभ कर सोमवार को खत्म कर दिया।*

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्य सभा में इस आशय की एक अधिसूचना पेश की। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी कंपनियों द्वारा किए गए ईंधन के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को खत्म कर दिया गया है।

### 30 जून 2022 के आदेश को किया रद्द

अधिसूचना ने इस कर का प्रावधान करने वाले 30 जून, 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। इस आदेश में कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन और विमानन ईंधन, डीजल और पेट्रोल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया गया था।

### आरआईसी भी वापस लिया गया

इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर लगाया गया सड़क और बुनियादी ढांचा उपकर (आरआईसी) भी वापस ले लिया गया है। सरकार ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। इस तरह वह उन देशों में शामिल हो गया था जो पेट्रोलियम कंपनियों को होने वाले असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं।



- कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई गिरावट
- सरकार ने 30 माह पुराने अप्रत्याशित लाभ कर किया खत्म
- ईंधन के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को किया गया समाप्त

### पेट्रोल पर छह रुपए प्रति लीटर का था निर्यात शुल्क

उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया था। इसके साथ घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन पर 23,250 रुपये प्रति टन का अप्रत्याशित लाभ कर भी लगाया गया था। सरकार ने यह कर लगाने के पहले वर्ष में शुल्क से लगभग 25,000 करोड़ रुपये, 2023-24 में 13,000 करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष में 6,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### हर पखवाड़े समीक्षा करती थी सरकार


इस कर प्रावधान की हर पखवाड़े समीक्षा कर सरकार दरों में संशोधन करती थी। लेकिन अब घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल और ईंधन निर्यात दोनों पर ही शुल्क समाप्त कर दिया गया है। कर को खत्म करने का फैसला अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में नरमी के बाद लिया गया है।

### कच्चे तेल का औसत मूल्य 73.02 डॉलर प्रति बैरल

भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का औसत मूल्य नवंबर में 73.02 डॉलर प्रति बैरल था, जो अक्टूबर के 75.12 डॉलर प्रति बैरल से कम है। इस साल अप्रैल में औसत आयात मूल्य लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल था।

# सोना 200 रुपए टूटा और चांदी 2,200 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख रहा
- सोना टूटकर 79,400 रुपए प्रति 10 ग्राम
- कम उठाव से चांदी 90,000 रुपए प्रति किग्रा रही

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये की गिरावट के साथ 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

औद्योगिक इकाइयों और सिक्का बनाने वाले इकाइयों की कमजोर उठान के कारण चांदी भी 2,200 रुपये लुढ़ककर 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 78,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। शुक्रवार को सोना 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स (जिंस बाजार) सोना वायदा 23.50 डॉलर प्रति औंस यानी 0.88 प्रतिशत गिरकर 2,657.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के सहायक उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) मनीष शर्मा ने कहा, ''एशियाई कारोबार के दौरान 2,621 अमेरिकी डॉलर के दिन के कारोबार के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद, सोने में गिरावट जारी रही। इसे अमेरिकी बांड प्रतिफल में बढ़ोतरी और राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित शुल्क दर से जुड़ी मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं से बल मिला।

### एशियाई कारोबार में चांदी में रही गिरावट

चैनवाला ने कहा कि साथ ही, लगातार मुद्रास्फीति के बारे में चिंताओं ने अगले साल दरों में कटौती की गति के बारे में संदेह पैदा किया है। एशियाई कारोबार में चांदी भी 1.36 प्रतिशत गिरकर 30.69 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर रही।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ईवी साइबरस्टर के साथ उतरेगी

- नए खुदरा ब्रांड एमजी सिलेक्ट के साथ होगी पहली पेशकश
- कंपनी सुलभ लक्जरी खंड में कदम रख रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की योजना नए खुदरा ब्रांड 'एमजी सिलेक्ट' के तहत पहली पेशकश के तौर पर इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार 'साइबरस्टर' लाने की है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वृद्धि अधिकारी गौरव गुप्ता ने यहां कहा कि कंपनी का इरादा इस उत्पाद के जरिये सुलभ लक्जरी खंड में कदम रखने का है। उन्होंने कहा, ''इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स वाहन साइबरस्टर उन चार मॉडलों में से पहला होगा, जो 'एमजी सेलेक्ट' ब्रांड के तहत पेश किए जाएंगे। हम अगले कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली तिमाही में पहले दो मॉडल लाने पर विचार करेंगे।' गुप्ता ने कहा कि 'साइबरस्टर' की कीमत 65 लाख से 70 लाख रुपये के बीच होगी।



*कीमत 45 लाख रुपए*

*कंपनी ने इस वर्ष सितंबर में घोषणा की थी कि वह अगले दो वर्षों में चार नए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की योजना के साथ 'सुलभ लक्जरी' खंड में प्रवेश करेगी। एमजी सिलेक्ट के साथ कंपनी सुलभ लक्जरी खंड को लक्षित कर रही है, जिस पर वर्तमान में बीएमडब्ल्यू 2 श्रृंखला, ऑडी क्यू 3 और मर्सिडीज-बेंज ए क्लास जैसी कारों का दबदबा है। इनकी कीमत लगभग 45 लाख रुपये है।*


## कोल इंडिया का उत्पादन दो फीसदी से अधिक बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में 2.4 प्रतिशत बढ़कर 47.1 करोड़ टन (एमटी) हो गया। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में उत्पादन 46 करोड़ टन रहा था। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। सीआईएल ने बीएसई को दी गई सूचना में बताया, कंपनी का उत्पादन नवंबर में 1.7 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 6.6 करोड़ टन था। कोयला खदानों से आपूर्ति किए जाने वाले कोयले की मात्रा यानी कोयला उठाव चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर अवधि में 1.5 प्रतिशत बढ़कर 49.26 करोड़ टन हो गया, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में यह 48.52 करोड़ टन था।

# बिजली खपत नवंबर में पांच प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सालाना आधार पर 125 .44 अरब यूनिट रही
- बीते वर्ष इसी माह खपत 119 .30 गीगावाट थी

देश में बिजली खपत नवंबर महीने में सालाना आधार पर 5.14 प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट रही। बीते वर्ष के इसी महीने में बिजली की खपत 119.30 गीगावाट थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति भी नवंबर, 2024 में मामूली रूप से बढ़कर 207.42 गीगावाट हो गई, जो एक साल पहले इसी माह में 204.56 गीगावाट थी।

इस साल मई में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 250 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले सर्वाधिक 243.27 गीगावाट बिजली मांग सितंबर, 2023 में दर्ज की गई थी। इसी साल बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावाट और शाम के समय 225 गीगावाट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था। जबकि जून के लिए दिन के समय 240 गीगावाट और शाम के समय 235 गीगावाट बिजली की मांग का अनुमान लगाया गया था।मंत्रालय ने अनुमान लगाया था कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है।

### ठंड में बढ़ जाती है बिजली की खपत

विशेषज्ञों ने कहा कि नवंबर में बिजली की अधिकतम मांग में मामूली वृद्धि भी सामान्य से अधिक गर्मी के प्रभाव को दर्शाती है। उत्तर भारत में पारे में गिरावट के कारण सर्दियों में हीटर और गीजर के उपयोग के कारण बिजली की खपत बढ़ जाती है।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर ने किया कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन


**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर ने स्वास्थ्य सेवा में एक नई मिसाल कायम करते हुए सुषमा विंग्स एनजीओ, बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज़, ज़िला व्यापारी संघ और जिला अस्पताल के साथ मिलकर केशकाल और नारायणपुर में एक व्यापक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया।

इस कैंप में 340 से अधिक मरीजों की विस्तृत स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 45 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की मोबाइल मैमोग्राफी वैन द्वारा जांच की गई। कैंप के दौरान पैप स्मीयर, ब्रश साइटोलॉजी और मुंह की जांच जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रारंभिक चरण में कैंसर की पहचान की गई। चिकित्सकों ने न केवल कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान की, बल्कि उपस्थित लोगों को इसके बचाव और रोकथाम के उपायों के प्रति भी जागरूक किया।



### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेगमेंट में कदम रखा

**बेंगलुरु।** होण्डा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेगमेंट में कदम रखते हुए 'एक्टिवा ई' और 'क्यू सी-1' को भारतीय बाजार में पेश किया। यह कदम भारत में स्थायी परिवहन के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। एचएमएसआई के पहले ईवी का उद्घाटन बेंगलुरु, कर्नाटक में हुआ और इन वाहनों की बुकिंग 1 जनवरी 2025 से शुरू होगी, जबकि डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, सुत्सुमु ओतानी ने कहा कि यह पेशकश भारत में स्थायी परिवहन के लिए हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह 2050 तक कार्बन न्यूट्रेलिटी को प्राप्त करने के लिए होण्डा की 'ट्रिपल एक्शन टू जीरो' अवधारणा का हिस्सा है, जो कार्बन न्यूट्रेलिटी, स्वच्छ ऊर्जा और संसाधनों के परिसंचालन पर केंद्रित है।




# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 11 माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर नवंबर में 11 महीने के निचले स्तर 56.5 पर आ गई। ऑर्डर में धीमी वृद्धि के बीच प्रतिस्पर्धी स्थितियों और मुद्रास्फीति के दबावों के कारण वृद्धि सीमित रही। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अक्टूबर में 57.5 था जो नवंबर में 11 महीने के निचले स्तर 56.5 पर आ गया।



- नवंबर में घटकर 56 .5 फीसदी पर आया
- ऑर्डर में धीमी वृद्धि के कारण आई गिरावट

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है।

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर नवंबर में 56.5 रही जो पिछले महीने से थोड़ी कम है, लेकिन अब भी विस्तार के दायरे में है। भंडारी ने कहा कि मजबूत व्यापक-आधारित अंतरराष्ट्रीय मांग ने भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की निरंतर वृद्धि को बढ़ावा दिया।

हालांकि, इसी समय मूल्य दबाव बढ़ने से उत्पादन विस्तार की दर धीमी हो रही है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर करीब दो वर्ष के निम्न स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई।

## सेबी ने डीमैट खाते भी कुर्क करने के दिए आदेश

# रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के बैंक खाते होंगे कुर्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को 26 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने के लिए रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के बैंक खातों के साथ-साथ शेयरों और म्यूचुअल फंड खातों को कुर्क करने का आदेश दिया।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इससे पहले 14 नवंबर को रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (अब आरबीईपी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड) को एक नोटिस भेजा था और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के मामले में धन की हेराफेरी से संबंधित मामले में इकाई को 15 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा था।

- कंपनी से 26 करोड़ रुपए का बकाया वसूला जाना है




### 24 अन्य इकाइयों पर लगाया गया था प्रतिबंध

ये कंपनियां- आधार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एंड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, इंडियन एग्री सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और मोहनबीर हाई-टेक बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड हैं। इस वर्ष अगस्त में सेबी ने उद्योगपति अनिल अंबानी, रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों सहित 24 अन्य इकाइयों को कंपनी से धन की हेरा-फेरी के लिए प्रतिभूति बाजार से पांच वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।

### 78 करोड़ की कुल बकाया वसूलने कंपनियों को नोटिस

इसलिए सेबी ने सभी बैंकों, डिपॉजिटरी और म्यूचुअल फंड से कहा कि वे खातों से किसी भी तरह की निकासी की अनुमति न दें। पिछले सप्ताह, नियामक ने कंपनी से धन के अवैध निकासी पर 78 करोड़ रुपये की कुल बकाया राशि वसूलने के लिए तीन कंपनियों को कुर्की नोटिस भेजे थे।

### कंपनी को जुर्माना न भरने पर ने दी कुर्की नोटिस

रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के जुर्माने का भुगतान नहीं करने को लेकर सेबी ने कुर्की नोटिस जारी किया। बाजार नियामक ने लंबित बकाया राशि की वसूली के लिए कंपनी के बैंक, डीमैट खातों और म्यूचुअल फंड फोलियो को कुर्क करने का आदेश दिया है।

### ब्याज व वसूली लागत शामिल

नोटिस के अनुसार, रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट पर 26 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसमें ब्याज और वसूली लागत शामिल है। नोटिस के अनुसार, सेबी ने कहा कि यह मानने के लिए पर्याप्त कारण हैं कि चूककर्ता बैंक खातों और डीमैट खातों या म्यूचुअल फंड फोलियो में प्रतिभूतियों का निपटान कर सकता है और 'इसलिए देय राशि की वसूली में देरी या बाधा उत्पन्न होगी।''

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : टीम इंडिया दूसरे टेस्ट में करेगी बदलाव, पडिक्कल-जुरेल पर गिरेगी गाज !

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का 6 को होने वाला दूसरा मुकाबला काफी ज्यादा चर्चा में है। एडिलेड टेस्ट को लेकर इतनी ज्यादा बात होने के पीछे 2 वजह है। पहला तो यह पिंक बॉल टेस्ट होगा और दूसरा कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी होने जा रहा है। भारतीय टीम के प्लेइंग इलेवन में दो बदलाव पक्के माने जा रहे हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। दूसरे बच्चे के जन्म की वजह से वह दौरे पर टीम इंडिया के साथ नहीं आए थे। पर्थ टेस्ट में भारतीय टीम ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में शानदार जीत दर्ज की।



### ओपनिंग को लेकर माथापच्ची

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हो रही है। उनके आने के बाद प्लेइंग इलेवन में बदलाव होना पक्का है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पहले टेस्ट में ओपनिंग की थी। सवाल यही है कि कप्तान इस जोड़ी को तोड़ेंगे या ओपनिंग की जगह कुर्बान करेंगे।

### फिट गिल ने की वापसी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में शुभमन गिल चोटिल होने की वजह से नहीं खेल पाए थे। प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में फिफ्टी जमा उन्होंने अपनी फिटनेस साबित की। गिल की वापसी का मतलब है टीम इंडिया दो बदलाव के साथ पिंक बॉल टेस्ट में खेलने उतरेगी।



### रोहित-गिल टीम में शामिल

रोहित शर्मा और शुभमन गिल अगर मैच खेलने के लिए टीम के साथ होंगे तो प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठे ऐसा होना मुश्किल है। पर्थ में खेलने वाली टीम में दो बदलाव पक्के हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि किन दो खिलाड़ियों पर गाज गिरेगी। पर्थ टेस्ट में खेली भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन पर नजर डालें तो सारे सवाल के जवाब आसानी से मिल जाते हैं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे देवदत्त पडिक्कल को शुभमन गिल की जगह मौका दिया गया था और उनको बाहर बैठना पड़ेगा। कप्तान रोहित शर्मा के लिए ध्रुव जुरेल को जगह बनाना होगा।



### हिटमैन नहीं करेंगे ओपनिंग

प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ जो भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम था उसे देखते हुए यह लग रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ओपनिंग करने नहीं उतरेंगे। पिंक बॉल टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी और कप्तान खुद मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते नजर आ सकते हैं।

### भारत की संभावित टीम

केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

## खबर संक्षेप



### फॉर्म में वापसी का श्रेय बुमराह को दिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में भारत की शानदार जीत में पांच विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लचर प्रदर्शन के बाद फॉर्म में वापसी का श्रेय भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह को दिया। यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज घरेलू सत्र में विकेट लेने के लिए जूझ रहा था। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ जो तीन मैच खेले उनमें वह केवल दो विकेट ले पाए थे। सिराज ने कहा कि पहले टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान और दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बुमराह के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले बात करने से उन्हें फायदा मिला।

### हमने सही मिश्रण ढूंढ लिया: पंड्या

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जेद्दा में इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी नीलामी में उनके लिए जिस तरह से चीजें हुई



उस पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों का 'सही मिश्रण' ढूंढ लिया है। स्टार ऑलराउंडर पंड्या ने कहा कि उनके पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण रखने की स्पष्ट योजना थी। पंड्या ने कहा, 'मैं टेबल के संपर्क में था कि हम किसके लिए बोली लगाने जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हमने नीलामी में काफी अच्छा किया और टीम अच्छी दिख रही है।'

### पोते-पोतियो को बुमराह के बारे में बताऊंगा

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को लगता है कि जसप्रीत बुमराह इस खेल के



महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। हेड ने कहा, 'अभी हम यह पता लगा रहे हैं कि बुमराह हमारे लिए कितना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है। जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने उनका सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना बुरा नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा।

## अंडर-19 एशिया कप : कप्तान ने खेली 122 रनों की नाबाद पारी

# भारत की पहली जीत, जापान को 211 रन से रौंदा, अमान का शतक

एजेंसी ▸▸ शारजाह

कप्तान मोहम्मद अमान की नाबाद शतकीय पारी के साथ केपी कार्तिकेय और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे के अर्धशतकों से भारत ने अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए मैच में सोमवार को यहां जापान को 211 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी। भारत ने छह विकेट पर 339 रन बनाने के बाद जापान को आठ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया।



अमान ने 118 गेंद की नाबाद शतकीय पारी में सात चौके की मदद से 122 रन बनाए। कार्तिकेय ने 49 गेंद में 57 रन की पारी के दौरान पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि म्हात्रे ने 29 गेंद की आक्रामक पारी में छह चौके और चार छक्के की मदद से 54 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारतीय टीम के लिए सी आंद्रे सिद्धार्थ (38), हार्दिक राज (नाबाद 25) और वैभव सूर्यवंशी (23) ने भी उपयोगी योगदान दिए। जापान के लिए ह्यूगो केल्ले और किफर यामामोतो-लेक ने दो-दो विकेट लिए।



### 128 रन पर जापान ढेर

लक्ष्य का पीछा करते हुए जापान की टीम आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। भारतीय टीम हालांकि जापान को ऑल आउट करने में विफल रहने पर निराश होगी। दो विकेट लेने वाले केल्ले ने 111 गेंद में 50 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा। चार्ल्स हिंजे 35 रन पर नाबाद रहे। भारत के लिए, कार्तिकेय, हार्दिक राज और चेतन शर्मा ने दो-दो विकेट लिए।

### यूएई से मैच कल

भारत टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 43 रनों से हार गया था। टीम बुधवार को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में संयुक्त अरब अमीरात से खेलेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें छह दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। टूर्नामेंट का फाइनल आठ दिसंबर को होगा।

## क्रिकेट

# सील्स ने 5 रन देकर झटके 4 विकेट, बांग्लादेश 164 पर ढेर



एजेंसी ▸▸ किंग्स्टन

तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने 15.5 ओवर में केवल पांच रन देकर चार विकेट लिए। इससे वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन अपना पलड़ा भारी रखा। सील्स ने कुल 10 मेडन ओवर फेंके और बांग्लादेश को पहली पारी में 71.5 ओवर में 164 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई।

वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 70 रन बनाए और वह बांग्लादेश से 94 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय कप्तान क्रैग ब्रैथवेट 33 रन और कीसी कार्टी 19 रन बनाकर खेल रहे थे। पहले दिन गीली आउटफील्ड और खराब रोशनी के कारण केवल 30 ओवर फेंके गए थे। दूसरे दिन भी लगभग 80 ओवरों के बाद खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी समाप्त कर दिया गया।

बांग्लादेश ने सुबह दो विकेट पर 69 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने सर्वाधिक 64 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 75 गेंदों में 36 रन का योगदान दिया।

### संतोष ट्रॉफी फुटबॉल का फाइनल राउंड 14 से

**नई दिल्ली।** संतोष ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली 78वीं सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपिनशिप के अंतिम दौर के मुकाबले 14 दिसंबर से हैदराबाद में शुरू होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता के अंतिम चरण में 12 टीम भाग लेंगी। इन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 26 और 27 दिसंबर को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप

# ड्रॉ की हैट्रिक, गुकेश और लिरेन की निगाहें जीत पर

एजेंसी ▸▸ सिंगापुर

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप के सातवें दौर में जब आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य लगातार तीन बाजियां ड्रॉ खेलने के बाद जीत हासिल करना होगा।

शतरंज के कई जानकारों की नजर में खिताब के प्रबल दावेदार 18 वर्षीय गुकेश अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने अभी तक किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा है। दोनों खिलाड़ी अभी तीन अंक लेकर बराबरी पर हैं। गुकेश सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद पहली बाजी हार गए थे लेकिन दूसरी बाजी इस भारतीय खिलाड़ी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी क्योंकि चीन के खिलाड़ी ने जीत के



लिए किसी तरह का प्रयास नहीं किया और आसान ड्रॉ होने दिया। गुकेश ने लिरेन की गलती का फायदा उठाकर तीसरी बाजी जीतकर अच्छी वापसी की लेकिन इसके बाद अगली तीन बाजियों में किसी भी खिलाड़ी ने जोखिम लेना उचित नहीं समझा और आपस में अंक बांटे। यह मुकाबला 14 दौर का है तथा जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा वह विश्व चैंपियन बनेगा।

# एमबापे के गोल से जीता रियल मैड्रिड

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

किलियन एमबापे आखिरकार गोल करने में सफल रहे जिससे रियल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में गेटाफे को 2-0 से हराया। एमबापे इस सत्र के शुरू में रियल मैड्रिड से जुड़े थे लेकिन अपने निराशाजनक प्रदर्शन के कारण वह आलोचकों के निशाने पर थे। उन्होंने सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में 38 वें मिनट में गोल किया। बुधवार को चैंपियंस लीग में लिवरपूल के खिलाफ मैच में एमबापे का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह इस मैच में पेनल्टी पर भी गोल नहीं कर पाए थे। हाल के



खराब खेल के लिए कुछ प्रशंसकों की आलोचना का शिकार बने जूड बेलिंगहैम ने 30वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी। इस जीत से रियल मैड्रिड शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से केवल एक अंक पीछे रह गया है जबकि उसने अपने इस प्रतिद्वंद्वी से एक मैच कम खेला है। बार्सिलोना शनिवार को लास पालमास से 2-1 से हार गया था।

# नितेश 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश को तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ विश्व बैडमिंटन महासंघ के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

बीडब्ल्यूएफ ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पेरिस पैरालंपिक (2024) में 'एसएल3' श्रेणी में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले 29 साल के नितेश इस पुरस्कार के लिए मलेशिया के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेह लिक होउ, जापान के



डाइकी काजीवारा और चीन के क्यू जिमो के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। नितेश विश्व चैंपियनशिप के दो बार के रजत और एक बार के कांस्य पदक विजेता भी हैं। महिला वर्ग में ली फेंग मेई, सरीना सतोमी, लियू यू टॉंग और लीनी रात्री ओक्टिला को इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। विजेताओं की घोषणा नौ दिसंबर को होगी।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

### दिन-रात्रि टेस्ट मैच अप्रत्याशित : स्मिथ

**एडिलेड।** भारतीय टीम ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती मैच में दबदबे वाल प्रदर्शन किया। पांच मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट बड़े अंतर से गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया दबाव में है। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट शुक्रवार से यहां खेला जायेगा। स्मिथ ने कहा, 'गुलाबी गेंद से दिन या रात के अलग-अलग समय पर अलग तरह की चुनौती मिलती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहां बल्लेबाजी कर रहे हैं। उस समय परिस्थितियां और गेंद की स्थिति के साथ अन्य चीजें कैसी हैं। मैं ऐसे में पूरी तरह से तैयार रहना चाहता हूं। गुलाबी गेंद कई बार अप्रत्याशित हरकत करती है।

**न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

रा.प्र.क्र. 124/ब-121/वर्ष 2023-24

प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक,
शाखा- जी.ई. रोड, मोर्या टॉकीज कॉम्पलेक्स, भिलाई
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) वादी
प्रेषिती
1. **श्रीमती रोशनी राव पति श्री जी. श्रीनिवास राव**
2. **श्री जी. श्रीनिवास राव आ. श्री जी. रमना मूर्ति**
**दोनों का पता-** प्लाट नं. 36 वृन्दावन कॉलोनी, उमदा रोड, भिलाई-3 तहसील-भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ0ग0) अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वारा आवेदक बैंक से वित्तीय सहायता की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक सपत्ति भूमि व भवन ख.नं. 258/1 का भाग रकबा 0.010 हे. क्षेत्रफल 1182 वर्गफुट मौजा- उमदा भिलाई प.ह. न. -01, वार्ड नं.-06, उमदा वार्ड बजरंग इफ्राकांन "वृन्दावन" अंदर भाग तहसील भिलाई - 3 जिला दुर्ग में स्थित है, को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदकों को समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु रजिस्टर्ड नोटिस जारी कर आहूत किया गया था। जारी नोटिस अदम तामिल वापस प्राप्त।

चूँकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदकों को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी **दिनांक 09/12/2024** को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**संयुक्त कलेक्टर**
**वास्ते- कलेक्टर, दुर्ग**






# एक-दूसरे को देखकर क्यों आती है उबासी? ये सिर्फ संयोग नहीं, इसके पीछे है दिलचस्प विज्ञान

एजेंसी ▶▶| लंदन

आपने अक्सर देखा होगा कि लोग एक दूसरे को देखकर ही उबासी लेने लगते हैं। अगर आपके सामने किसी ने जम्हाई या उबासी ली है, तो कुछ ही सेकंड में आप भी ऐसा ही करने लगते हैं। आखिर इस व्यवहार के पीछे वजह क्या है? हमारी ज़िंदगी में बहुत सी ऐसी चीज़ें होती हैं, जिनके बारे में हम जानते भी नहीं हैं। हमें कई बार तो एहसास भी नहीं होता कि हम कर क्या रहे हैं। कुछ ऐसा ही है उबासी लेने के मामले में. अजीब बात ये है कि हम किसी को उबासी लेते हुए देखते हैं तो हमें खुद ब खुद उबासी या जम्हाई आने लगती है।

आपको ये जानकर अजीब लगेगा कि उबासी का कनेक्शन हमेशा नींद या थकान से नहीं होता है, बल्कि इसकी अपनी दिलचस्प वजहें हैं। ये बोरियत से भी कनेक्टेड नहीं है बल्कि वैज्ञानिक वजह होती है, जो हमें एक-दूसरे को देखकर उबासी लेने पर मजबूर कर देती है।

## दिमाग से होता है उबासी का कनेक्शन

प्रिंस्टन यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट बताती है कि उबासी का कनेक्शन हमारे दिमाग से होता है। काम करने के दौरान जब दिमाग हीट हो जाता है, तो दिमाग को ठंडा करने के लिए जम्हाई या उबासी आती है। इससे शरीर का तापमान नियत हो जाता है। सर्दियों में ऑक्सीजन की ज़्यादा ज़रूरत पड़ती है, यही वजह है कि जम्हाई भी सर्दियों में ज्यादा आती है।साल 2004 में म्यूनिख की साइकियाट्रिक यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में एक रिसर्च हुई। इसमें बताया गया कि उबासी भी संक्रमण फैलाती है। करीब 300 लोगों पर की गई रिसर्च में 50 फीसदी लोग ऐसे थे, जो दूसरे को देखने के बाद उबासी लेने लगे।



## ज्यादा काम से उबासी भी लंबी

वैज्ञानिकों का मानना है कि जब किसी को उबासी लेते हुए इंसान देखता है, तो उसका मिरर न्यूरॉन सिस्टम एक्टिव हो जाता है और वो उसे नकल के लिए प्रेरित करता है। इतना ही नहीं, एक स्टडी ये भी कहती है कि जिन लोगों का मस्तिष्क ज्यादा काम करता है, उन्हें उबासी भी लंबी आती है। हालांकि इसका थकान से ज्यादा संबंध मस्तिष्क को ठंडा और तापमान नियंत्रित करने से है।



## महावत के साथ हाथी भी लेते थे उबासी

एक दिलचस्प बात Professor Andrew C. Gallup की रिसर्च में कहा गई। ये रिसर्च Animal Behaviour नाम के जर्नल में प्रकाशित हुई, जिसमें गैलप कहते हैं कि एक को देखकर दूसरे को आने वाली उबासी सिर्फ उन समूहों में होती है, जो सामाजिक रूप से एक- दूसरे को जानते हैं। साल 2020 में हुई एक स्टडी में भी देखा गया था कि हाथी के साथ रहने वाले महावत जब उबासी लेते थे, जो हाथी भी उबासी लेते थे, क्योंकि वे उनसे सामाजिक तौर पर जुड़े हुए थे। ये प्रक्रिया शैशवकाल के बाद शुरू होती है, जब बच्चों का दिमाग सामाजिक तौर पर सक्रिय हो जाता है।


दुनियाभर में अलग-अलग जगहों पर साइंटिस्ट खोज करते रहते हैं। कहीं पर कोई साइंटिस्ट बीमारियों से लड़ने के लिए दवाइयां बनाता है, तो कहीं पर जमीन की खुदाई कर एक्सपर्ट प्राचीन जमाने की लाइफ के बारे में जानना चाहते हैं।



# झील की खुदाई कर रहे थे साइंटिस्ट तभी दिखा 'सफेद सोने' का भंडार

एजेंसी ▶▶| कैलिफोर्निया

जमीन की खुदाई के क्रम में कई ऐसी रहस्यमय चीजों के बारे में जानकारी मिलती है, जो हजारों साल पहले हुआ करती थीं। इस दौरान खजाने भी हाथ लग जाते हैं।लेकिन, आज हम आपको एक झील की खुदाई में मिले खजाने के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, साइंटिस्ट जब अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित साल्टन लेक की खुदाई कर रहे थे, तभी उनकी नजर 540 बिलियन डॉलर्स (4,56,17,04,65,88,000 रुपए) के खजाने पर पड़ गई। ये खजाना कुछ और नहीं, बल्कि 'सफेद सोने'का भंडार था, जिसे देख कर उनकी आंखें खुशी के मारे चमक उठीं। लिथियम को 'सफेद रेत की तरह दिखने के कारण 'सफेद सोना कहा जाता है।



सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई पोस्ट वायरल हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल्टन सागर को कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी झील माना जाता है। डिपार्टमेंट ऑफ एनर्जी द्वारा फंडेड रिसर्च के हिस्से के रूप में वैज्ञानिक इस झील की स्टडी कर रहे थे। इस स्टडी का मकसद यह पता लगाना था कि झील के तलहटी में कितना लिथियम है। वैज्ञानिक शुरू में यह मान कर चल रहे थे कि संभवतः 4 मिलियन टन लिथियम झील के अंदर हो सकता है। लेकिन, जैसे ही ड्रिलिंग मशीन से खुदाई शुरू हुई, वैसे ही उनका यह अनुमान गलत साबित होने लगा। अब एक्सपर्ट मानकर चल रहे हैं कि झील में 18 मिलियन टन तक लिथियम जमा हो सकता है, जो अनुमानित मात्रा से कहीं अधिक है। इस सफेद सोने यानी लिथियम की खोज से अमेरिका को बहुत फायदा होने वाला है।

## लिथियम भंडार के मामले में चीन को पछाड़ देगा!

एक्सपर्ट के मुताबिक, साल्टन लेक में इतना ज्यादा लिथियम मिला है, जिससे कि 382 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरियां बन सकती हैं और अमेरिका चीन को पछाड़कर कैमिकल के क्षेत्र में अग्रणी देश बन जाएगा। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में जियोकेमेस्ट्री के प्रोफेसर माइकल मैककिबेन ने बताया, 'यह दुनिया में सबसे बड़े लिथियम भंडार में से एक है, जो अमेरिका को लिथियम के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बना सकता है।' वहीं, तात्कालिक कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने पहले लिथियम के मामले में साल्टन झील को अमेरिका का सऊदी अरब कहा था। लेकिन, अब इस नई खोज का मतलब है कि यह झील दुनिया में लिथियम का सबसे बड़ा स्रोत है। जानकार बताते हैं कि यह भंडार इतना ज्यादा है कि वर्तमान में अमेरिका में चल रही सभी गाड़ियों की बैटरी आराम से बन सकती हैं। इसके अलावा दूसरे देशों में भी निर्यात किया जा सकता है। हालांकि, इसके लिए सारा लिथियम प्राप्त करना होगा।

## बिना कुछ खाए सालों तक जिंदा रह सकता है ये अनोखा जीव

**न्यूयार्क**। प्रकृति ने इस दुनिया में कई अजीबोगरीब जीव बनाए हैं। इन जीवों को अपनी विशेष खासियत के लिए जाना जाता है। धरती पर कई ऐसे जीव हैं जो कई दिनों तक बिना पानी के भी रह सकते हैं, जबकि कुछ जीव ऐसे भी हैं जो बिना खाए भी जीवित रह सकते हैं। इसी कड़ी में हम आपको आज एक ऐसे ही दुर्लभ जीव के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बिना कुछ खाए भी कई साल तक जिंदा रह सकता है। इस अजीबोगरीब का जीव का नाम सैलामैंडर है। यह जीव दक्षिण पूर्व यूरोप के देश बोस्निया और हर्जेगोविना में पानी के भीतर मौजूद गुफाओं में पाया जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस जीव की त्वचा और इनकी अविकसित आंखें इन्हें अंधा बनाती हैं। शायद इसकी वजह से ही यह अपनी जगह पर कई सालों तक रहते हैं।



# घायल दंपती को 30 वर्ष बाद मिला न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने 30 वर्ष पूर्व मिनी बस से यात्रा के दौरान घायल हुए दंपती के मेडिकल रिपोर्ट एवं डिस्चार्ज टिकट को देखते हुए उन्हें जो पीड़ा सहन करनी पड़ी उसके लिए दोषी वाहन चालक व बीमा कंपनी को प्रत्येक घायल को तीन माह के अंदर 6 प्रतिशत ब्याज सहित डेढ़-डेढ़ लाख रुपए क्षतिपूर्ति राशि देने का निर्देश दिया है।



रायपुर निवासी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के भौतिक विभाग के प्रमुख डॉ. विठ्ठल कुमार अग्रवाल अपनी पत्नी श्रीमती सरला अग्रवाल के साथ 16 अगस्त 1994 को मिनी बस क्रमांक एमकेएल 5064 से कोरबा से चांपा जा रहे थे। रास्ते में ट्रक क्रमांक एमपी 26-ए 5955 का चालक लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मिनी बस को टक्कर मार दी। दुर्घटना में डॉ. अग्रवाल एवं उनकी पत्नी को गंभीर चोट आई। चांपा के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दोनों को गंभीर चोट आने पर चांपा के अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद नागपुर में इलाज किया गया। दंपती ने उपचार में आए खर्च व क्षतिपूर्ति के लिए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में वाद पेश किया। अधिकरण से वाद खारिज होने पर उन्होंने हाईकोर्ट में अपील पेश की। हाईकोर्ट ने सुनवाई पर पाया कि डिस्चार्ज सर्टिफिकेट, टिकट, पैथोलॉजिकल रिपोर्ट और एक्स-रे से साफ है कि याचिकाकर्ता को चोट पहुंची है।




## रेगिस्तान में बर्फबारी, अल्लाह का कहर या जलवायु परिवर्तन के संकेत?

**रियाद**। सऊदी अरब के अल जौफ क्षेत्र में कुछ महीने पहले भारी बारिश हुई और ओले भी गिरे। इससे यहां मौसम बदलाऔर बर्फ की चादर बिछ गई। मौसम का ये बदलाव लोगों को अच्छा लगता है लेकिन जलवायु विशेषज्ञ इसे चेतावनी मान रहे हैं। अल जौफ में बसंत के मौसम में अच्छी चीजें देखने को मिल सकती हैं लेकिन फिलहाल एक्सपर्ट को लगता है कि जलवायु परिवर्तन के संकेत साफ दिख रहे हैं। एक्सपर्ट ने इसको लेकर कई चिंताएं जताई हैं।

# साल 2025 में कब-कब लगेंगे चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण, क्या भारत में दिखाई देगा?

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए साल 2025 बेहद अहम है। साल 2025 में दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण लगेंगे।

चंद्र ग्रहण एक खगोलीय घटना है, जो सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा के एक सीधी रेखा में आने पर घटती है। सूर्य और चंद्रमा के बीच में होने की वजह से पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस घटना को चंद्र ग्रहण कहा जाता है। सबसे खास बात यह है कि चंद्र ग्रहण सिर्फ पुर्णिमा के दिन होता है। हर साल औसतन तीन चंद्र ग्रहण हो सकते हैं। हालांकि, साल 2025 में दो चंद्र ग्रहण लगेंगे। नए साल 2025 में पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च को दिखाई देगा। साल का पहला चंद्र ग्रहण सुबह 10:41 बजे से शुरू होगा और दोपहर 2:18 बजे समाप्त होगा। दूसरा चंद्र ग्रहण 7 सितंबर को लगेगा। यह चंद्र ग्रहण रात 9:57 बजे शुरू होकर रात 1:26 बजे तक रहेगा।



## एक साल में कितने चंद्र ग्रहण हो सकते हैं?

सिर्फ पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण लगता है। चंद्रमा को पृथ्वी का चक्कर लगाने और एक पूर्णिमा से दूसरी पूर्णिमा तक एक चक्र पूरा करने में सिर्फ 29.5 दिन लगते हैं। हालांकि, साल में औसतन सिर्फ तीन चंद्र ग्रहण ही लगते हैं। इसकी वजह यह है कि पृथ्वी के चारों तरफ चंद्रमा की कक्षा समतल नहीं है। करीब पांच डिग्री के कोण पर यह है। इसका मतलब है कि चंद्रमा अक्सर पृथ्वी की छाया के ऊपर या नीचे चला जाता है।

## कितने तरह के होते हैं चंद्र ग्रहण?


चंद्र ग्रहण तीन प्रकार के होते हैं। यह इस पर निर्भर है कि सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में किस तरह हैं। आंशिक चंद्र ग्रहण, पूर्ण चंद्र ग्रहण और उपछाया चंद्र ग्रहण होता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण तब लगता है, जब पूरे चंद्रमा की सतह पर धरती की छाया पड़ती है।

## साल 2025 में कब-कब दिखाई देगा सूर्य ग्रहण

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, साल 2025 का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च 2025 को दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 13 मिनट तक लगेगा। इसके बाद साल का दूसरा सूर्य ग्रहण 21 सितंबर 2025 को लगेगा। नए साल में लगने वाले दोनों सूर्य ग्रहण आंशिक सूर्य ग्रहण होगा।

## कब लगता है चंद्र ग्रहण?

पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है। चंद्रमा एक उपग्रह है, जो धरती की परिक्रमा करता है। इस दौरान जब सूर्य और चंद्रमा के बीच धरती आ जाती है, तो सूर्य की रोशनी चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाती है। इससे धरती की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस खगोलीय घटना को चंद्र ग्रहण कहा जाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com